Page 11 खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10 देश




**इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट : गाबा पर इतिहास दोहराने उतरेगा भारत**

**पारो अभिनेत्री तृप्ति भोईर केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की सदस्य नियुक्ति**




मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, रोहिणी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शनिवार • 14 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 07 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 78,870 | ₹93,500 |

## आज का इतिहास

- 1946 : डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
- 2011 : भारत में प्रतिबंधित जहरीली शराब पश्चिम बंगाल में 166 लोगों को मार देती है।

## बिहार असिस्टेंट इंजीनियर भर्ती परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

पटना (नि.सं.)। बीपीएससी यानी बिहार लोक सेवा आयोग ने असिस्टेंट इंजीनियर भर्ती परीक्षा 2024 का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। यह परीक्षा 18 और 19 दिसंबर को बिहार के विभिन्न सेंटर्स में आयोजित की जाएगी। आज इस परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है, ऐसे में आप नीचे दिए गए आसान स्टेप्स से bpsc.bih.nic.in पर जाकर इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

शंकरा नेत्रालय पटना के लिए हुआ करार

# सीएम की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर 75 प्रतिशत मरीजों का इलाज होगा मुफ्त

- पटना में बनने वाला यह नेत्र अस्पताल न केवल बिहार बल्कि पूरे पूर्वी भारत के लिए एक बड़ी चिकित्सा सुविधा होगी। साथ ही, स्वास्थ्य क्षेत्र में नई नियुक्तियां और निरंतर सुधार बिहार को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों तक ले जाने की दिशा में एक और कदम है।



निज संवाददाता | पटना

सीएम नीतीश कुमार ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में स्वास्थ्य विभाग और शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया, कोयम्बटूर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। पटना में अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल के निर्माण और संचालन को लेकर यह समझौता हुआ है। बता दें कि शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया, कोयम्बटूर के द्वारा पटना में नेत्र अस्पताल की स्थापना की जाएगी। राज्य सरकार ने शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया, कोयम्बटूर को अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल बनाने के लिये कंकड़बाग, पटना में 1.60 एकड़ जमीन 1 रुपए के टोकन राशि पर सशर्त लीज पर दिया है। शंकरा आई फाउण्डेशन इंडिया आंख के इलाज के लिये एक अन्तर्राष्ट्रीय अस्पताल है, जो अपने खर्च पर इस भूमि पर अस्पताल का निर्माण और संचालन करेगा। इसमें आंख के सामान्य इलाज के साथ-साथ कॉर्नियोप्लास्टी, रेटिना डिटैचमेंट और आंख के कैंसर जैसी जटिल बीमारियों का भी इलाज हो सकेगा। इस संबंध में 75 प्रतिशत मरीजों का इलाज मुफ्त तथा 25 प्रतिशत का सशुल्क होगा। यहां ढाई लाख रुपये प्रति वर्ष से कम आय वाले परिवार निःशुल्क इलाज करा पाएंगे।

कार्यक्रम के बाद स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि सरकार ने बिहार के लोगों को एक बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग और शंकरा आई फाउंडेशन के बीच एक समझौता हुआ है। इस समझौता के डेढ़ साल में पटना में आंख का सबसे बड़ा अस्पताल बन जाएगा, जो आंख का सबसे अच्छा अस्पताल होगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि यह बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार काम हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी पहल की थी और मुख्यमंत्री ने तुरंत इस पर विचार किया और जमीन उपलब्ध करा दिया गया अब आने वाले दिनों में निश्चित तौर पर जब अस्पताल बन जाएगा तो बिहार के लोगों को एक बहुत बड़ा तोहफा मिल जाएगा।

### जल्द निकलेगी 17 हजार पदों पर बहाली

बिहार के स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही बंपर बहाली होने जा रही है। यह जानकारी राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान दिया। उन्होंने बयान देते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर, टेक्नीशियन और नर्सिंग स्टाफ के 17 हजार से अधिक रिक्त पदों पर नियुक्ति होने जा रही है।इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अधियाचना भेजी गई है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा में लगातार काम हो रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में बिहार में सारी सुविधाएं को लेकर के हमारी ओर से काम किया जा रहा है।

# बिहार के नए डीजीपी बने विनय कुमार

### 14 दिसंबर को लेंगे चार्ज, दो साल का होगा कार्यकाल

निज संवाददाता | पटना



1991 बैच के आईपीएस अफसर विनय कुमार बिहार के नए डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) होंगे। 14 दिसंबर को वे चार्ज लेंगे। उनका कार्यकाल दो साल के लिए होगा। अभी बिहार भवन पुलिस निर्माण विभाग के डीजी हैं। इस पद पर वे 30 दिसंबर 2021 से हैं। विनय कुमार वर्तमान डीजीपी आलोक राज की जगह लेंगे। बतौर डीजीपी आलोक राज का कार्यकाल 19 दिसंबर को खत्म हो रहा है। इससे पहले विनय कुमार एडीजी लॉ एंड ऑर्डर और एडीजी सीआडी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। आईआईटी खड़गपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले विनय कुमार को एक कुशल और ईमानदार अधिकारी के रूप में जाना जाता है। कुछ महीने पहले विनय कुमार ने मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार से मुलाकात की थी। यह मुलाकात झंझारपुर में बन रहे एक थाने को लेकर हुए विवाद के संबंध में बताई गई, लेकिन इतनी छोटी सी बात पर डीजीपी को मुख्यमंत्री आवास बुलाए जाने पर कई तरह की अटकलें लगाई गई थी। सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग के पास विनय कुमार के नाम का प्रस्ताव भेजा था। दावेदारी की सूची में आलोक राज का भी नाम शामिल था। आलोक राज विनय कुमार से सीनियर हैं। आलोक राज 1889 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। रेस में नाम शोभा अहोटकर का भी था। लेकिन, सरकार ने विनय कुमार को डीजीपी की कमान सौंपी है।

## जो बालू घाट संचालित नहीं वहां से हुआ अवैध खनन तो नपेंगे प्रभारी



**पटना(नि.सं.)**। बिहार में बड़ी संख्या में बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया लगातार जारी है। परंतु दर्जनों घाट ऐसे हैं, जहां से अब तक बालू का सरकारी स्तर पर खनन प्रारंभ नहीं हो पाया है। जिन बालू घाटों से अब तक संचालित नहीं हो पाए हैं वहां से अवैध खनन की आशंका रहती है। इसी आशंका को देखते हुए नीतीश सरकार ने ऐसे किसी भी अवैध खनन से निपटने के निर्देश जारी किए हैं। जिला प्रभारियों को स्पष्ट कहा गया है कि यदि अवैध खनन पाया जाएगा तो उनकी जवाबदेही सुनिश्चत की जाएगी। खान एवं भू-तत्व विभाग की बालू के अवैध कारोबार पर अंकुश प्राथमिकता है। जिससे निपटने के लिए विभाग कई स्तर पर कार्य हो रहे हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अब जिलों में तैनात विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है। खान एवं भू-तत्व विभाग के निदेशक के स्तर पर हाल ही में हुई बैठक में असंचालित बालू घाटों पर चर्चा की गई। जिसमें यह जानकारी दी गई कि कई जिलों में बालू घाटों का आकार बड़ा होने की वजह से उनकी नीलामी नहीं हो पाई है। कहीं पर्यावरण स्वीकृति की वजह से घाट अनीलामित और असंचालित हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### बिजली चोरी करने को लेकर मील संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** नगर परिषद बिक्रमगंज के मोहल्ला-गुलज़ारबाग स्थित मील संचालक पर एसटीएफ के नेतृत्व में दंडित राशि लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बताते चलें की वार्ड 27 में स्थित असलम हुसैन पिता-कुर्बान हुसैन के आटा चक्की परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम मे पाया गया की इनके परिसर में पूर्व से विद्युत सम्बन्ध है, जिसका उपभोक्ता संख्या 108532855 है परन्तु उक्त उपभोक्ता द्वारा मीटर से पहले मुख्य सर्विस तार में कटिंग कर अतिरिक्त तीन फेज तार जोड़कर मीटर को बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी, जिससे की वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था। अभिनिर्धारण पदाधिकारी सह सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की उपरोक्त उपभोक्ता का प्रत्येक माह का खपत जीरो यूनिट था तथा परिसर में लगे तीन फेज का मीटर प्रीपेड मोड से विच्छेदित प्रदर्शित हो रहा था। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को 443059 राजस्व की क्षति हुई है। जांच दल के एसटीएफ के सहायक अभियंता समरजीत कुमार, जेई बिक्रमगंज नवदीप गोयल, जेई दिनारा बिकाश कुमार आदि उपस्थित थें।

### चिकित्सा शिविर का आयोजन

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** नारायण मेडिकल कालेज एवं अस्पताल जमुहार के कम्युनिटी मेडिसीन विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को रोहतास जिले के धौडाढ गांव में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद के निर्देश के आलोक में उक्त गांव को मेडिकल कालेज द्वारा गोद लिया गया है। आज के चिकित्सा शिविर में आए सभी मरीजों को निशुल्क उपचार व जांच किया गया तथा दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर में स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों ने भरपूर सहयोग किया। चिकित्सा शिविर विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रो.निपेन्द्र आनंद के संयोजन में आयोजित हुआ जबकि प्रो.डा.नवीन कुमार, डा.सुमन कुमार भारती, डा.श्वेता सुमन, डा.एन के जोशी, डा.ज्योति कुमारी, डा.विशाखा, डा.दिप्तांशु और डा. तनु का भरपूर सहयोग रहा।

### टीकाकरण के प्रति किया जागरूक

**बिक्रमगंज (नि.सं.)।** आशा फैसिलेटर एवं एएनएम की छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को जागरूक किया। रैली का शुभारंभ थाना चौक से हुआ जो घोसियां कलां रोड, गुलजारबाग मुहल्ला होते हुए सामुदायिक भवन के पास पर जाकर संपन्न हुई। इसके चलते शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सौरभ प्रकाश जी के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली।इस दौरान उन्होंने पोलियो, टेटनस, खसरा, गलघोंटू, टीवी, पीलिया, दिमागी बुखार, डायरिया सहित कई बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इन रोगों को हराने के लिए टीकाकरण जरूरी है। इस अवसर पर डॉक्टर कृष्ण कुमार पांडेय, स्वास्थ्य प्रबंधक इरफान खान, स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार, प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. अय्यूब खान, सामुदायिक उत्प्रेरक अनीस नारायण, नर्सिंग ट्यूटर राजीव कुमार, अर्पण कुमार पाटीदार, प्रोग्राम लीडर पिरामल फाऊंडेशन कुश कुमार, राजू सिंह राजपूत, डॉ अकील अहमद सन्नी, डॉ. आजाद आदि शामिल रहे। किशोरों के टीकाकरण को लेकर गुलजारबाग स्तिथ सामुदायिक भवन में शनिवार को स्वास्थ्य शिवीर का आयोजन भी किया गया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. सौरभ प्रकाश ने बताया कि क्षेत्र के जीरो से पांच वर्ष तक की आयु के जो बच्चे टीकाकरण से वंचित हैं के लिए आशा को सर्वे के लिए लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आशा घर-घर जाकर उनका ब्योरा जुटाएंगी कि अभी तक जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है। उनके अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही वह इसकी रिपोर्ट सीएचसी पर देंगी। इसके बाद उनका टीकाकरण किया जाएगा।

# जनता दरबार में 87 मामलों की सुनवाई

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



जिले के सासाराम स्थित समाहरणालय में शुक्रवार की जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजित की गई,जिमसें कुल 87 आम नागरिकों से लोक साक्षात्कार किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त बिजय कुमार पांडेय, अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी चंद्रशेखर प्रसाद सिंह व प्रभारी पदाधिकारी, जिला अनुश्रवण कोषांग-सह-महा प्रबंधक, जिला उद्योग, रोहतास व अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। जनता दरबार में आवेदिका किरण देवी पति-सुधीत कुमार, मुहल्ला-लश्करीगज (बांध), थाना/पो०-सासाराम, रोहतास के द्वारा खरीदगी जायदाद पर आनाधिकार बल प्रयोग अनाधिकृत व्यक्तियों के द्वारा कब्जा किये जाने हेतु आवेदन दिया गया जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम को निदेशित किया गया। आवेदिका धनवरती देवी पति-स्व० लक्ष्मण सिंह, ग्राम-खुर्माबाद, थाना/अंचल-चेनारी के द्वारा भूमि-बंदोबस्ती हेतु आवेदन दिया गया जिस पर भूमि सुधार उप समहर्त्ता, सासाराम को अग्रेतर कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया। इसी प्रकार आवेदक मो० समीर आलम, सदस्य सशक्त स्थायी समिति, नगर परिषद, वार्ड न0-20, डिहरी-डालमियानगर के द्वारा रामारानी बस स्टैण्ड डिहरी डालमियानगर पर अवैध रूप से एजेन्टो द्वारा रंगदारी वसूली से मुक्त कराने हेतु आवेदन दिया गया जिसे शीघ्र निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, डिहरी (रोहतास) को निर्देशित किया गया। इसी के साथ आवेदक/आवेदिका-अनिल कुमार गुप्ता, चंचल कुमारी, दिनेश प्रसाद सिंहा आदि आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं हेतु आवेदन दिया गया जिसे शीघ्घ्र निष्पादन हेतु अपने अपने विभाग को अग्रसारित किया गया तथा शेष सभी आवेदनों यथा भूमि विवाद /अतिक्रमण एवं भू-मापी आदि से संबंधित आवेदनों को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को अविलंब आवश्यक कार्रवाई करते हुए निष्पादन हेतु भेजा गया।

# कार को ट्रक ने मारी टक्कर, हादसे में बीएमपी जवान सहित दो की मौत

निज संवाददाता | छपरा

छपरा जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ है। यहां सिवान के सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अमितेश की कार में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें कार चला रहा ड्राइवर और उनके साथ मौजूद बीएमपी जवान की मौत हो गई। वहीं सिवान के आंदर के सीएचसी प्रभारी अमितेश और एक अन्य शख्स बुरी तरह से घायल हैं। दोनों मृतकों की पहचान आरा जिला निवासी बीएमपी जवान कौशल प्रसाद पिता रामेश्वर राम और सारण जिला के सोनपुर पहलेजा निवासी राकेश कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायलों में अंदर के पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अमितेश और उनके सहयोगी गुड्डू कुमार बताए जा रहे हैं। घटना सीवान-छपरा मुख्य मार्ग पर बेलदारी गांव के पास घटित हुआ है। बताया गया कि सभी लोग हौंडा सिटी कार में सवार होकर पटना से सीवान जा रहे थे। तभी अनियंत्रित होकर कार एक ट्रक के पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जबदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार के आगे बैठे दो लोग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पिछले सीट पर बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घटना के बाद मुख्य सड़क पर अफरा-तफरी के का माहौल हो गया। दाउदपुर थाना पुलिस और स्थानीय लोगो के सहयोग से सभी सवार को गाड़ी के बाहर निकाला गया। दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल लाया गया है. वहीं दोनों घायल जिसमें डॉ अमितेश भी शामिल हैं उनको आनन-फानन में पटना रेफर किया गया है। इस संबंध में दाउदपुर के थाना प्रभारी नवलेश कुमार ने बताया कि यह बीती रात हुई है, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई।

# नालंदा में दुकान में चोरी करने गए चोरों ने दुकानदार की फोड़ी आंख

निज संवाददाता | नालंदा (बिहारशरीफ)



जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के हरगावा गांव में चोरी करने आए बदमाश ने गृहस्वामी की आंख फोड़ दी। पीड़ित अशोक प्रसाद ने बताया कि वे घर के आगे वाले कमरे में किराना दुकान चलाते हैं। गुरुवार की रात 9 बजे दुकान बंद कर परिवार वालों के साथ सोने चले गए थे। इसी दौरान दीवार बांधकर तीन की संख्या में बदमाश उनके दुकान में घुस गए। आहट सुन शोर मचाते हुए दुकान की ओर गए और भाग रहे एक बदमाश को पकड़ लिया। लेकिन साथी को पकडाता देख दो अन्य बदमाशों ने उनपर हमला कर दिया और मारपीट करते हुए बाईं आंख को चोटिल कर दिया। मारपीट के के बाद तीनों बदमाश वहां से फरार हो गया। शुक्रवार को थाना में शिकायत के बाद पीड़ित सदर अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे। पीड़ित ने बताया कि 2 साल पहले भी चोरी की घटना घटी थी। लेकिन उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से नहीं की थी। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि चोरी की बात बुनियाद है। आपस में विवाद के बाद में मारपीट की घटना घटी है। पीड़ित के आंख के पास चोट लगी है। इलाज के बाद ही स्पष्ट होगा कि आंख में कितना चोट लगा है।

# छोटे किसानों पर बिजली बिल का भारी बोझ, विभागीय लापरवाही उजागर

निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)



प्रखंड क्षेत्र स्थित परानपुर गांव के छोटे किसान कमला कान्त दूबे बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। 2018 में कृषि कार्य के लिए 2 एचपी पंप सेट का कनेक्शन लेने वाले दूबे का कहना है कि शुरुआत में उनका बिजली बिल सामान्य था। लेकिन 2021 के बाद अचानक उनके बिल में अप्रत्याशित वृद्धि होने लगी, जो अब 24,846 तक पहुंच चुका है। किसान का कहना है कि वह सीमित बिजली का उपयोग करते हैं, लेकिन विभाग बिना मीटर रीडिंग के मनमाना बिल बना रहा है। उन्होंने बताया कि उनके कनेक्शन पर अभी तक स्थायी मीटर नहीं लगाया गया है और बिजली के तार व पोल की भी उचित व्यवस्था नहीं की गई है। पहले भी उन्होंने इस संबंध में शिकायत की थी, जिसके बाद बिल संशोधित किया गया था। लेकिन कुछ ही समय बाद फिर से अधिक बिल भेज दिया गया। कमला कान्त दूबे ने विभाग से मांग की है कि उनके कनेक्शन की उचित जांच की जाए, स्थायी मीटर लगाया जाए और वास्तविक खपत के अनुसार बिल जारी किया जाए। उन्होंने विभागीय लापरवाही को किसानों के प्रति असंवेदनशीलता करार देते हुए शीघ्र समाधान की अपील की है।बढ़ते बिजली बिल और विभागीय अनदेखी के कारण छोटे किसान जैसे कमला कान्त दूबे को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। यह घटना न केवल किसानों की समस्याओं को उजागर करती है बल्कि सरकारी तंत्र की खामियों की ओर भी इशारा करती है।

# सीमेंट फैक्ट्री में ट्रक से दबकर मजदूर की हुई मौत, लोगों ने जमकर किया बवाल

» घटना के संबंध में बताया जाता है कि भांगड़ा थाना क्षेत्र के रहीमाबाद सरसौना में स्थित सीमेंट फैक्ट्री में देर रात एक मजदूर ट्रक के नीचे दब गया। जिसे नाजुक हालत में फैक्ट्री के कर्मचारियों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गया।

निज संवाददाता | समस्तीपुर



जिले के बांगड़ थाना क्षेत्र में सीमेंट फैक्ट्री के अंदर देर रात ट्रक से दबकर एक मजदूर की मौत हो गयी। जिसके बाद लोगों ने जमकर बवाल किया। फैक्ट्री के अंदर और बाहर आक्रोशित लोगों के द्वारा तोड़फोड़ किया गया है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा भीड़ पर लाठी चार्ज भी की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि भांगड़ा थाना क्षेत्र के रहीमाबाद सरसौना में स्थित सीमेंट फैक्ट्री में देर रात एक मजदूर ट्रक के नीचे दब गया। जिसे नाजुक हालत में फैक्ट्री के कर्मचारियों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान झारखंड के पलामू जिला निवासी भोला चंद्रवंशी के बाइस वर्षीय पुत्र सूर्यकांत कुमार के रूप में की गई। मृतक के सहयोगी युवक ने बताया कि अस्पताल के बाद सबको गंगा में फेंकने के लिए ले जाया जा रहा था। सुबह तक मैनेजर और कर्मी डेड बॉडते रहे। पूछे जाने पर मृतक के सहयोगी दोस्त को मारा पीटा भी गया। इसी बीच लोगों को इस बात की जानकारी मिली तो वैशाली जिले के दाभेछ से डेड बॉडी को फैक्ट्री लाया गया। बॉडी आते ही मजदूर आक्रोशित हो गए और जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ भी जुट गई और जमकर बवाल होने लगा। इस बीच मामले को रफा दफा करने को लेकर फैक्ट्री मैनेजर एवं अन्य कर्मी लगे रहे। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस फैक्टरी पर पहुंच गई और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठी चार्ज किया। पुलिस के द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और पूरे मामले की तहकीकात में जुट गई है।

# बैंक की सीढ़ियां तोड़ने से कर्मचारी और ग्राहक पहली मंजिल पर फंसे

निज संवाददाता | बक्सर

बिहार के बक्सर जिले में गुरुवार को एक अजीबोगरीब घटना ने सभी को हैरान कर दिया। सिमरी प्रखंड के नियाजीपुर बाजार में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान एक ऐसा मामला सामने आया, जिसमें बैंककर्मी और ग्राहक पहली मंजिल पर फंस गए। यह घटना तब हुई जब दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा के भवन से लगी सीढ़ियों को जेसीबी की मदद से तोड़ दिया गया। सीढ़ियां टूटने से बैंक तक पहुंचने का रास्ता खत्म हो गया, जिससे बैंककर्मियों और ग्राहकों को काफी परेशानी हुई। नियाजीपुर बाजार में अतिक्रमण के कारण सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य प्रभावित हो रहा था। बाजार की तंग गलियों में अतिक्रमण के चलते लोगों को यातायात में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। निर्माणाधीन सड़क का काम रुकने की शिकायत स्थानीय संवेदक ने प्रशासन से की थी। इस पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया। अंचलाधिकारी सिमरी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने से पहले अतिक्रमणकारियों को दो बार नोटिस भेजा गया था। बावजूद इसके, किसी ने अतिक्रमण नहीं हटाया। इसलिए प्रशासन को मजबूर होकर बुलडोजर के जरिए कार्रवाई करनी पड़ी। अतिक्रमण हटाने के दौरान जब प्रशासन ने एक भवन से सटी सीढ़ियों को गिराया, तो पता चला कि उसी भवन की पहली मंजिल पर दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा चल रही है। सीढ़ियों के टूटने से बैंककर्मी और ग्राहक भवन में फंस गए। उन्हें बाहर निकालने के लिए प्रशासन ने जेसीबी की मदद ली। बाद में अस्थायी सीढ़ियां बनाकर बाकी लोगों को नीचे उतारा गया। इस अभियान से पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग अपने स्तर पर अतिक्रमण हटाने में जुट गए, जबकि प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए सड़क किनारे बनी दीवारें और अन्य अवैध निर्माण तोड़ दिए। बाजार में कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण रहा, लेकिन प्रशासन की कड़ी कार्रवाई के चलते काम पूरा किया गया। बाजार के कुछ स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया। उनका कहना है कि अतिक्रमण के कारण बाजार में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती थी। सड़क चौड़ी होने से यातायात सुचारु होगा और व्यापारियों को भी राहत मिलेगी। हालांकि, कुछ लोगों ने अचानक की गई कार्रवाई को लेकर नाराजगी भी जताई।

# ड्यूटी से लौट रहे बाइक सवार युवक को बदमाशों ने मारी गोली

निज संवाददाता | पटना

राजधानी पटना में लगातार अपराध के ग्राफ में उछाल देखने को मिल रहा है। खासकर पटनासिटी की बात करें तो लगातार हत्या, लूट,चोरी जैसे अन्य घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में बीती रात में अपराधियों ने बड़ी घटना को अंजाम देते हुए एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति अपराधियों ने गोली मार दिया जिसके बाद उसे घायल अवस्था मे इलाज़ के लिए एनएमसीएच भेजा गया है। गोलीबारी की यह घटना दिदारगंज थाना के नत्था चक नेशनल हाइवे की है, जहां बाइक सवार एक व्यक्ति को एक ही मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियो ने गोली मार दी और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके वारदात पर पहुँच गयी। जिसके बाद गोली लगे व्यक्ति को इलाज़ के लिए भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज़ किया जा रहा है। घायल व्यक्ति का नाम सतेंद्र राय है जो बायपास थाना क्षेत्र के मरचि के रहनेवाले बताए जा रहे हैं। इस बाबत जब दीदारगंज पुलिस से जानकारी ली, तब उन्होंने कहा कि बीती रात सतेंद्र राय दनियावां में किसी प्राइवेट कम्पनी में काम कर लौट रहे थे और तभी उनका पीछा कर रहे अपराधियों ने उन्हें नत्था चक के पास गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि मौखिक रूप से पीड़ित के परिजनों ने बताया को जमीनी विवाद में उनके घर के दो लोगो की हत्या पहले ही कि जा चुकी है। लेकिन लिखित रूप से उन्होंने उस बात का जिक्र नही किया है। फिलहाल, घटनास्थल से एक खोखा भी पुलिस ने बरामद किया है।घटनास्थल पर एफएसएल की टीम भी पहुँच साक्ष्य जुटाई है।

# नव निर्वाचित आठ सदस्यों ने दिया पद से इस्तीफा

निज संवाददाता | राजपुर (रोहतास)



राजपुर पैक्स के नवनिर्वाचित आठ सदस्यों ने गत गुरुवार को जिला सहकारिता पदाधिकारी को पत्र दे अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। ऐसे में पैक्स कार्यकारिणी के गठन पर संकट के बादल मंडराने लगे है। पैक्स प्रबंध कार्यकारणी के चुनाव के लिए विगत तीन दिसंबर को मतदान हुआ था। चार दिसंबर को परिणाम घोषित हुआ और आठ दिन भी नहीं बीते कुल 11 सदस्यों में से आठ सदस्यों ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। ऐसे में आम जनमानस के बीच ये कौतूहल का विषय बन गया है कि अब क्या होगा क्या पुनः चुनाव कराये जाएंगें अथवा सहकारिता विभाग कोई अलटरनेट सिस्टम डेवलप करेगा। जिला सहकारिता पदाधिकारी को अपने इस्तीफा का पत्र देते हुए नव निर्वाचित पैक्स प्रबंध समिति के सदस्य नीरज कुमार सिंह, भवानी सिंह, दशरथ प्रसाद साह, सुमन कुमारी, दीपक कुमार, पूजा कुमारी, तारामुनी देवी, शोभा कुमारी ने बताया है कि हम सभी 2024 में निर्वचित हुए हैं। पैक्स अध्यक्ष पद के लिए शोभनाथ कुमार निर्वचित हुए है। नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष एक दबंग प्रवृति के व्यक्ति हैं। जिनका व्यवहार व आचरण सही नहीं है। हमेशा अधिकारी, पदाधिकारी से उलझते रहते हैं। हमें डर है कि पैक्स अध्यक्ष अपने पद का दुरुपयोग कर अपने हीत में प्रस्ताव लिखकर जबरदस्ती हस्ताक्षर करा सकते हैं। इनके नेतृत्व में काम करने पर भविष्य में अधिभारित भी होने का भय सता रहा है। अतः हमारे तथ्यों को उचित मानते हुए हमारे त्याग पत्र को स्वीकार किया जाये। बीसीओ जनार्दन कुमार ने बताया कि अभी इस मामले में उन्हें कोई जानकारी नहीं ह। सदस्यों ने अगर इस्तीफा सौंप दिया है तो विभाग को जो गाइडलाइन होगा आगे उसके अनुसार कार्य होगा।

# साढ़े तीन दशक बाद नए भवन में संचालित हो गया अनुमंडल, भूमि सुधार और पीजीआरओ का कार्य

निज संवाददाता | बिक्रमगंज



साढ़े तीन दशक बाद नए भवन में स्थानांतरित अनुमंडल दंडाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता और अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी का कार्यालय शुक्रवार को संचालित हो गया। हालांकि दूसरे तल पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय के लिए छोड़ा गया है। लेकिन एसडीपीओ का कार्यालय अभी स्थानांतरित नहीं हो पाया है। करीब 10 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय समेत अन्य नवनिर्मित भवन का उद्घाटन संभवतः 27 दिसंबर को मुख्यमंत्री के हाथों होने की संभावना जताई जा रही थी। लेकिन 15 दिसंबर से खरवास मास चढ़ते देख आनन फानन में अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक ने विधिवत उद्घाटन होने से पूर्व ही शुक्रवार को कर्मियों के मौजूदगी में नवनिर्मित भवन के मुख्य गेट पर नारियल फोड़ अंदर प्रवेश कर कार्य को प्रारंभ कर दिया। वहीं पहले दिन अपना कार्य संपादित कराने के लिए लोगों की भीड़ भी देखी गई। जबकि कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों ने अपने शिकायती आवेदनों के निराकरण के लिए भी बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। वही अनुमंडल दंडाधिकारी ने पहले दिन कोर्ट किए जाने की चर्चा है। ज्ञात हो कि अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य कार्यालय अपने स्थापना काल 1984 से ही केन यूनियन के भवन में किराए के मकान में संचालित हो रहा था। इस तरह साढ़े तीन दशक बाद अनुमंडल कार्यालय 13 दिसंबर 2024 को अपने अस्तित्व को ग्रहण कर लिया। यह नवनिर्मित अनुमंडल कार्यालय स्थानीय शहर के धांवा नहर पुल के समीप बिहार सरकार की लगभग 2 एकड़ 4 डिसमिल भूमि में नया भवन बनकर तैयार हो गया है। लगभग 10 लाख से अधिक आबादी वाला इस अनुमंडल में कुल आठ प्रखंड और 11 थाने मौजूद है तो वही एक ओपी तथा नगर परिषद के अलावे चार नगर पंचायत भी इसके अधीन है। इस तरह अपने वृहत क्षेत्र को गति देने के लिए अनुमंडल कार्यालय को स्थिरता के साथ विकास की आशा के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि वर्तमान पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी एवं भारतीय प्रशासनिक संवर्ग से आने वाले अनिल बशाक ने इस पर तत्परता दिखाते हुए नवनिर्मित भवन में कार्य को संचालित कर दिया गया। अनुमंडल को अपना भवन हो जाने से अनुमंडल के अधीन समस्त क्षेत्र के विकास की बात हो रही है।

# लेवी की डिमांड मानने से इनकार करने पर सड़क निर्माण कंपनी की पांच गाड़ियों में लगाई आग

» सड़क निर्माण में आधा दर्जन जेसीबी, रोड रोलर, ट्रैक्टर आदि वाहनों को लगाया गया है। दिन भर काम के बाद गाड़ियों को उसी पथ में संचालित हमारा पेट्रोल पंप के परिसर में खड़ा कर दिया जाता है।

निज संवाददाता | अरवल

जिले में 20 दिन से सड़क निर्माण कार्य में जुटी मां कामख्या कंस्ट्रक्शन की पांच गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। हालांकि आग किसने लगाई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सकता है। वहीं कंपनी को एक करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। फिलहाल, जिस तरह से अगलगी की घटना हुई है, उसके बाद नक्सली हमले की चर्चा शुरू हो गई है। वहीं इस घटना के बाद पुलिस की भी चिंता बढ़ गई है। बता दें कि करपी थाने से महज दो किलोमीटर दूर मखमिलपुर-करपी पथ पर स्थित पेट्रोल पंप पर इस घटना को अंजाम दिया गया। बताया गया कि मेहंदिया थाना क्षेत्र के सोहसा निवासी शैलेश कुमार की मां कामाख्या कंस्ट्रक्शन कंपनी को 12 माइल से करपी तक सड़क का निर्माण कार्य का कांट्रेक्ट मिला है। 20 दिन पहले कंपनी ने निर्माण कार्य शुरू किया था। सड़क निर्माण में आधा दर्जन जेसीबी, रोड रोलर, ट्रैक्टर आदि वाहनों को लगाया गया है। दिन भर काम के बाद गाड़ियों को उसी पथ में संचालित हमारा पेट्रोल पंप के परिसर में खड़ा कर दिया जाता है। वहीं चालक अपने घर चले जाते हैं। गुरुवार को भी यही हुआ। मध्य रात्रि आधा दर्जन की संख्या में अपराधी पहुंचे और डीजल-पेट्रोल से बोरियों को नहाकर एक-एक कर पांच वाहनों को आग के हवाले कर दिया। जेसीबी, राड रालर, ट्रैक्टर समेत कुल पांच वाहन धू-धूकर जल गए। पंप पर लगे सीसीटीवी में बदमाशों की सारी करतूत कैद हो गई, फुटेज में तीन युवक वाहनों में लगाते दिख रहे हैं। सूचना पर पुलिस व अग्निशमन कर्मी पहुंचे, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया, अन्यथा आग की चपेट में पेट्रोल पंप के आने से बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं घटना को लेकर बताया जा रहा है कि पांच दिन पहले कंपनी के मुंशी को फोन कर कुल लागत का 10 परसेंट लेवी देने की मांग की गई थी, अन्यथा परिणाम भुगतने की धमकी दी गई थी। कंपनी ने इसकी जानकारी पुलिस को भी दी थी, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। जिसमें लेवी की मांग करनेवालों मेंएक दिव्यांग आटो चालक का नाम सामने आया है।, उसी के मोबाइल नंबर से कंपनी के मुंशी से लेवी मांगी गई थी। करपी थाना क्षेत्र के मुरारी गांव निवासी आटो चालक समेत आधा दर्जन अन्य संदिग्धों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट के आरोपी हुआ गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के धमौल गांव के मारपीट के एक वांछित आरोपी को एसआई इन्द्रदेव राय ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि इसी वर्ष के 23 अक्टूबर को धमौल गांव निवासी हरिश्चंद्र माली के पुत्र हेमपाल माली एवं दशरथ माली को गांव के ही कैलाश पंडित के पुत्र छोटेलाल पंडित ने मारपीट कर सिर फाड़ दिया था। घटना को लेकर पीड़ित हेमलाल माली द्वारा थाने को लिखित आवेदन दिया गया। लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी एवं अनुसंधान शुरू कर दिया गया। इसी बीच मारपीट के नामजद आरोपी छोटेलाल पंडित उर्फ रविंद्र पाण्डेय को पुलिस बलों ने गिरफ्तार किया। वहीं न्यायालय से निकले इश्तिहार वारंटी दिवौर गांव निवासी सुरेश सिंह के पुत्र अरविंद सिंह उर्फ कारू सिंह को गुप्त सूचना के आलोक में घर से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों गिरफ्तार लोगों का स्वास्थ्य जांच शुक्रवार को अनुमंडलीय अस्पताल में करवाकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष का निधन

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** कौआकोल पूर्वी जिला पार्षद भाजपा नेता अजित यादव के चचेरे भाई व प्रखण्ड के लालपुर पंचायत के नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष अशोक यादव का गुरुवार की देर रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 45 वर्ष के थे तथा विगत 15 दिनों से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पटना के मेदांता हॉस्पीटल में ईलाजरत थे। जहां अचानक उनकी आकस्मिक मौत हो गई। शुक्रवार की अहले सुबह उनका पार्थिव शरीर को निजी आवास लालपुर लाया गया। जहां निधन की खबर के बाद उनके अंतिम दर्शन के लिए शुभचिन्तकों का तांता लगा रहा। हर कोई उनके निधन की खबर के बाद स्तब्ध रह गए। प्रखण्ड प्रमुख रीना राय, उपप्रमुख नवीन यादव, पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, नरेंद्र सिंह,रामाश्रय सिंह, रजनीश कुमार, सुनील साव, कौआकोल के सरपंच प्रतिनिधि शैलेष कुमार आर्य, लालपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिनोद यादव, सोखोदेवरा के मुखिया प्रतिनिधि मंटू यादव सहित दर्जनों जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं सरकारी, गैर सरकारी कर्मियों ने पैक्स अध्यक्ष अशोक यादव के निधन पर गहरा शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। लोगों ने कहा कि अशोक यादव एक मिलनसार, हंसमुख एवं समाजसेवी तथा लोकप्रिय व्यक्ति थे। उनके निधन से प्रखण्ड को काफी क्षति पहुंची है। बता दें कि नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष 28 नवम्बर की रात्रि एक दोस्त को रुपौ छोड़कर अपने निजी वाहन से खुद वाहन चलाते हुए कौआकोल से घर लौट रहे थे। तभी अचानक उनका वाहन अनियंत्रित होकर चोंगवा पुल के पास पलट गया। जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गये। उक्त दुर्घटना में उनका वाहन भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था।

### आदर्श पैक्स योजना के आवेदन की तिथि बढ़ी

**नवादा (नि.सं.)।** जिला सहकारिता पदाधिकारी संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में आदर्श पैक्स के रूप में पैक्सों के चयन हेतु पूर्व में आवेदन आमंत्रित किये गए थे। उक्त आवेदन की अवधि पुनः विस्तारित कर दी गयी है, जिसकी अंतिम तिथि 17 जनवरी 2025 है। राज्य के सभी पैक्स ''ई-सहकारी पोर्टल'' के माध्यम से इस योजना हेतु आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के जिलान्तर्गत तीन पैक्सों एवं राज्य स्तर पर तीन पैक्सों को राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार-05 लाख रूपया, द्वितीय पुरस्कार-03 लाख रूपया एवं तृतीय पुरस्कार-02 लाख रूपया दी जायेगी। राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 15 लाख रूपया, द्वितीय पुरस्कार 10 लाख रूपया एवं तृतीय पुरस्कार 07 लाख रूपया दी जायेगी। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अन्तर्गत पंचायत स्तर पर पैक्स एवं प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडल के माध्यम से किसानों का धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय की जा रही है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य-साधारण 02 हजार 300 रूपये प्रति क्विंटल, ग्रेड-ए-02 हजार 320 रूपये प्रति क्विंटल है। धान की बिक्री के लिए बेवसाईट-dbtagriculture.bihar.gov.in पर देख सकते हैं। धान अधिप्राप्ति की अवधि नवम्बर 2024 से फरवरी 2025 तक निर्धारित है। निबंधन/अधिप्राप्ति कार्य में असुविधा/कठिनाई होने पर प्रखंडों में पदस्थापित प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय/जिला सहकारिता पदाधिकारी के कार्यालय/संयुक्त निबंधक के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए-18001800110 पर कॉल कर सकते हैं।

### बिजली बिल सुधार शिविर आयोजित

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** बिजली बिल सुधारने व बिल जमा करने के लिए कहुआरा पंचायत के कहुआरा गांव में शुक्रवार को शिविर आयोजित हुई। यह शिविर बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह के देखरेख में हुआ। शिविर में विभिन्न गांव के 8 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। वही बिजली बिल सुधारने के लिए 5 उपभोक्ताओं ने आवेदन दिया। जेई ने कहा सभी का बिजली बिल सुधार दिया गया है। वहीं 8 उपभोक्ताओं ने 8082 रुपए बिजली बिल जमा किये। मौके पर जेएलएम विपिन कुमार, अनन्त कुमार, उदय कुमार, सहायक लाइन मैन गोपाल कुमार उपभोक्ता में राजेंद्र प्रसाद, विनय कुमार, सुख सागर महतो अलखदेव यादव समेत अन्य रहे।

### अपार आईडी कार्ड पर सख्ती



**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** इंटर विद्यालय नारदीगंज में शुक्रवार को अपार आईडी कार्ड की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी ने सभी विद्यालयों के अपार आईडी कार्ड की समीक्षा की। इस दौरान कई विद्यालयों में अपार आईडी कार्ड की स्थिति संतोजनक नहीं पाई गई। कहा कि अपार कार्ड बनाना है तो बनाना है। आप लोग सर्तक हो जाये। नारदीगंज प्रखंड में अपार कार्ड बनाने में स्थिति ठीक नहीं है। सभी को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। कम्प्यूटर शिक्षकों को भी प्रशिक्षण मिला है। आप सभी टीमवर्क में काम कीजिए, अन्यथा कार्रवाई तय है। इस प्रखंड में 114 विद्यालय है। जिसमे 11 विद्यालय में अभी तक अपार आईडी कार्ड बनाने में शून्य की हालत में है। उन्होंने वैसे प्रधान शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाते हुए जल्द अपार आईडी कार्ड बनाने में लग जाने का निर्देश दिया। वही अन्य विद्यालय में कुछ हद तक स्थिति संतोषजनक पाया गया है।वैसे विद्यालयों को शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया है। कहा गया अपार आईडी के लिए आईसीटी लैब, संकुल स्तर पर जाकर करने के लिए प्रधान शिक्षकों को कहा गया है। उन्होंने कहा प्रधान शिक्षकों के साथ अगर कोई समस्या है, तो उन्हें दूर करने में सहयोग कीजिए। कहा गया एक से 12 वीं कक्षा तक सभी छात्र व छात्राओं का अपार आईएडी बनाना है। आगामी 20 दिसम्बर को इंटर विद्यालय नारदीगंज में पुनः समीक्षा की जाएगी। मौके पर प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, बीआरपी सह समावेशी शिक्षक आनन्द कुमार, बीपीएम धनन्जय कुमार, मनोज कुमार, बीआरपी यशवंत राणा, संजीत कुमार, प्राचार्य मनोज कुमार झा समेत अन्य शामिल रहे।

### विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज ने मोहनी गांव में एक विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में पशुओं की सेहत से संबंधित समस्याओं को हल करना था। इस शिविर में स्थानीय किसानों और पशुपालकों को उनके पशुओं की उचित देखभाल, रोगों से बचाव, और उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।शिविर का उद्घाटन केवीके के प्रमुख डॉ. शोभा रानी ने किया। उन्होंने पशु स्वास्थ्य के महत्व को बताते हुए कहा कि स्वस्थ पशु न केवल किसानों की आय बढ़ाते हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने पशुपालकों से अपने पशुओं की नियमित जांच और टीकाकरण की अपील की।इस शिविर में विशेष रूप से कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक श्री आर के जलज संजू कुमारी एवं पशु चिकित्सक रंजन पारसारथी मौजूद थे,

# 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा स्वच्छ निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न

**निज संवाददाता | नवादा**




बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा एकल पाली में आज जिले के कुल 22 परीक्षा केन्द्रों पर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरा का जायजा लिया और नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से परीक्षा के आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी लिया। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को कदाचारमुक्त परीक्षा और विधि-व्यवस्था संधारण करने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने आज राजकीय कन्या मध्य विद्यालय नवादा, कन्या इंटर विद्यालय नवादा, गांधी इंटर विद्यालय नवादा, प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय नवादा एवं संत जोसेफ स्कूल नवादा आदि केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ंग से संचालित हो रही थी। विधि-व्यवस्था संधारण के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर जिला प्रशासन नवादा के द्वारा पुख्ता व्यवस्था की गई थी। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर का जायजा लिया एवं सभी केन्द्राधीक्षक प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी को स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु निर्देश दिया। जिला नियंत्रण कक्ष नवादा से प्राप्त सूचना के तहत आज 11 हजार 964 अभ्यर्थियों में से 08 हजार 28 परीक्षार्थी केन्द्रों पर उपस्थित रहे और 03 हजार 936 अनुपस्थित रहे। कुल लगभग 67 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे और लगभग 33 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सर्वाधिक परीक्षार्थियों की संख्या 965 ज्ञान भारती, मोडल रेसिडेंसियल कम्पलेक्स धनवां हिसुआ नवादा में रही। सबसे कम परीक्षार्थियों की संख्या दिल्ली पब्लिक स्कूल गोनावां में 192 उपस्थित पाये गए। सभी केन्द्रों का लाइव टेलीकास्ट (समाहरणालय के सभाकक्ष) जिला नियंत्रण कक्ष में किया गया। जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा पल-पल की सूचना ली गयी और आयोग के द्वारा निर्देशित नियमों का पालन किया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर चार स्तरीय दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। जिला प्रशासन के द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए आधारभूत सुविधा उपलब्ध करायी गयी थी। परीक्षा अवधि में अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर के निर्देश के आलोक में नगर क्षेत्र में स्थित फोटो स्टेट की दुकान, साईबर कैफे एवं इंटरनेट की सुविधा को 08:00 बजे पूर्वा0 से 02:00 बजे अप0 तक बन्द रखा गया।

## डीएम के जनता दरबार में पहुंचे फरियादी

**निज संवाददाता | नवादा**

जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में कुल 26 आवेदन आये, जिसमें कई आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। जनता दरबार में आपूर्ति, विद्युत, भूमि विवाद, राजस्व, मद्य निषेध, शिक्षा, भू-अर्जन, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, आपदा, राशन कार्ड आदि से संबंधित मामले आए। जिलाधिकारी ने सभी फरियादियों से बारी-बारी से समस्याओं सुना और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। कई आवेदनों को ऑनस्पॉट निष्पादन कर दिए और शेष आवेदनों को संबंधित अधिकारियों के पास भेज कर शीघ्र निवारण करने का निर्देश दिया गया। दरबार में थाना-रोह, पोस्ट-दिरियोबारा, ग्राम-जखौर के दरोगी प्रसाद द्वारा दाखिलखारिज के संबंध में, प्रखंड-नारदीगंज, स्थान-नारदीगंज बाजार के विद्यानन्द प्रसाद द्वारा दुकान कब्जा करने के संबंध में, पो0-कादिरगंज, ग्राम-आंती के मो0 अफाक मंजर द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में, ग्राम-खनवां के महेश प्रसाद यादव द्वारा ट्राई साईकिल मुहैया करवाने के संबंध में, प्रखंड-नारदीगंज, पंचायत इचुआकरना, ग्राम-मुन्ना कुमार द्वारा नाली का पानी बहाव के संबंध में, प्रखंड-नारदीगंज, पंचायत-ननौरा, ग्राम-वरियो के शैलेन्द्र कुमार द्वारा पशु शेड के संबंध में और कादिरगंज प्रखंड, ग्राम-सोनु विगहा के कारी देवी द्वारा भूमि बन्दोवस्त के संबंध में आवेदन के द्वारा शिकायत किया गया। सभी आवेदनों को जिला पदाधिकारी के द्वारा संबंधित अधिकारियों से बात कर तुरंत निष्पादित करने का निर्देश दिया गया एवं कुछ आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों के पास जॉच कर कार्रवाई हेतु भेज दिया गया। जनता दरबार में गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बाइक सवार अपराधियों ने दंपती से की लूटपाट, सोने की चेन

**निज संवाददाता | (वैशाली) हाजीपुर**

जिले में अपराधी एक से बढ़कर बड़ी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जहां शुक्रवार सुबह ट्रक चालक को बदमाशों ने गोली मार दी थी। वहीं अब महुआ थाना क्षेत्र में आधा दर्जन बाइक सवार बदमाशों ने दंपती से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों द्वारा बाइक सवार दंपति से सोने का चेन, मोबाइल मंगलसूत्र नगद पैसे लाट कर फायरिंग करते मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई लूटपाट की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची महुआ थाने की पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने घटना स्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार दंपत्ति अपने बच्चों को स्कूल से लेकर अपने घर फतेहपुर पकरी लौट रहे थे। तभी सिंह राय योगी स्थान के निकट दो बाइक पर सवार आधा दर्जन की संख्या में अपराधियों ने बाइक सवार दंपति को आगे से घोर कर हथियार भय दिखाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद दहशत फैलाने के लिए ने फायरिंग करते हुए अपराधी मौके से फरार हो गया। बता दें कि महुआ थाना क्षेत्र में लगातार अपराधी अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। गुरुवार को महुआ सीडीपीओ कार्यालय से महज 300 मीटर की दूरी पर एक सोने चांदी की दुकान में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस सभी मामलों में जांच पड़ताल की बात तो कहती है लेकिन अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता नहीं मिलती है। दिनदहाड़े हुए इस लूट की घटना से पुलिस की गश्ती पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## अचानक ब्रेक मारने के कारण हाइवा हुआ दुर्घटनाग्रस्त, उपचालक गम्भीर रूप से घायल

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



थाना क्षेत्र के बांके मोड़ के समीप शुक्रवार की शाम एक हाइवा ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से दूसरा हाइवा उसके पिछले हिस्से से टकरा गया। इस सड़क दुर्घटना में पिछले हाइवा का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और हाइवा चला रहे उपचालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद एनएच के किनारे अवस्थित होटल के आसपास रहे स्थानीय लोग दुर्घटनाग्रस्त हाइवा में फंसे उपचालक को बाहर निकाला एवं रजौली थाना व डायल 112 की टीम को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई। सूचना पाकर गश्ती में रहे पीटीसी जयप्रकाश चौधरी पुलिस बल के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंचे एवं सड़क पर पड़े दुर्घटनाग्रस्त हाइवा संख्या जेएच12आर3787 को हटाने के प्रयास में जुट गए एवं स्थानीय लोगों की मदद से घायल उपचालक को टोटो पर लादकर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक निवेदिता नंदिनी ने बताई कि घायल उपचालक की पहचान कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के बग़रीडीह गांव निवासी गजेंद्र यादव के पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है। घायल उपचालक का बायां पैर टूटा हुआ है एवं मुंह में गम्भीर चोटें आई है।साथ ही बताया कि घायल उपचालक का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि सड़क पर से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाया गया है। वहीं पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। अस्पताल परिसर में मौजूद हाइवा चालक कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के रोहनिया टांड़ गांव निवासी झरी यादव के पुत्र पिन्टू कुमार ने बताया कि वे नवादा की ओर से कोडरमा की ओर जा रहे थे एवं वाहन को उपचालक ही चला रहा था। इसी बीच बांके मोड़ के समीप आगे एक दूसरा हाइवा द्वारा अचानक ब्रेक मार दिया, जिसके कारण ब्रेक लगाने के दौरान हाइवा दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं आगे अचानक ब्रेक लगाने वाला हाइवा दुर्घटना के बाद फरार हो गया। इस दुर्घटना में उपचालक गम्भीर रूप से घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक इलाज करवाने के बाद निजी वाहन से तिलैया लेकर जा रहे हैं। चालक ने यह भी बताया कि उपचालक के पास अभी लाइसेंस नहीं है।

## दिन दहाड़े युवक की गोली मार कर हत्या, क्षेत्र में दहशत

**निज संवाददाता | नवादा**

नगर के नवीन नगर मोहल्ले में शुक्रवार की दोपहर बड़ी घटना हुई। जहां, एक युवक के सिर में नजदीक से गोली मारी गई। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। यह घटना नवादा के नवीन नगर इलाके में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बदमाशों ने एक युवक की कनपटी में गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान कादिरगंज थाना क्षेत्र के अतौआ गांव निवासी बीरेश सिंह के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल की। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया है। बदमाशों ने युवक के कनपटी में सटाकर गोली चलाई, जिससे उसकी मौत हो गई बताया जा रहा है कि मृतक युवक की उम्र करीब 18 साल थी। वह पढ़ाई कर रहा था। अपने गांव में ही रहा करता था। आर्मी_सिपाही आदि में बहाली के लिए दौड़ की प्रैक्टिस भी किया करता था। आज वह अपने ग्रामीण दोस्त के साथ घर से नवादा पहुंचा था। घटना के वक्त गांव का दोस्त भी था। पुलिस उसके साथ रहे दोस्त को भी पूछताछ के लिए ले गई है। कुछ अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लिए जाने की बात सामने आ रही है। प्रारंभिक तौर पर घटना को प्रेम_प्रसंग से जोड़कर पुलिस मामले की जांच को आगे बढ़ा रही है। वैसे सच क्या है, पुलिस अनुसंधान में ही सामने आ सकेगा। लोग बताते हैं कि नवीन नगर का इलाका प्रेम प्रसंग से जुड़े विवादों और झड़प का हॉट स्पॉट बन गया है। इलाके में ट्यूशन और कोचिंग सेंटर होने के कारण युवकों के बीच टकराव की घटनाएं होती रहती है। यह, अलग बात है कि मामला पुलिस तक नहीं पहुंच पाता है। फिलहाल, घटना के बाद युवक के घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। पुलिस मामले की तह तक जाने में जुटी हुई है। नवादा पुलिस द्वारा सोशल साइट एक्स पर जारी बयान में कहा गया है कि एफएसएल टीम को साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया है। जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी। अग्रेत्तर अनुसंधान जारी है।

## मध्याह्न भोजन करने से 17 बच्चों की बिगड़ी तबीयत

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ में मध्यान भोजन करने के उपरांत 17 बच्चों की तबियत खराब होने की सूचना मिला। जिसकी सूचना मिलते ही तत्काल अंचलाधिकारी, डिहरी एवं थानाध्यक्ष, डिहरी मुफस्सिल विद्यालय पहुंचे। जिसके समुचित ईलाज हेतु तुरन्त अनुमण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अवर निर्वाचन पदाधिकारी, डिहरी द्वारा अनुमण्डलीय अस्पताल में जाकर बच्चों का हाल-चाल लिया गया। वहां उपस्थित अनुमण्डल अस्पताल के अस्पताल प्रबंधक द्वारा सभी बच्चों की तबीयत अच्छी होने की बात कही गयी। अवर निर्वाचन पदाधिकारी, डिहरी द्वारा डॉक्टर की टीम को बच्चों पर नजर रखने की सलाह दी गयी।अनुमण्डल पदाधिकारी, डिहरी के विद्यालय पहुंचने पर सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली गयी।

## डिस्ट्रिक्ट हब फ़ॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन अभ्यर्थीयों को दिया गया नियुक्ति पत्र

» लेखा सहायक के पद पर- शशि भूषण कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर- धनंजय कुमार एवं एमटीएस के पद पर राहुल कुमार राज का चयन किया गया।

**निज संवाददाता | नवादा**

जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा बिहार महिला एवं बाल विकास निगम अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट हब फ़ॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय हेतु विभिन्न पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। निम्न अभ्यर्थियों का चयन किया गया जिसमे -वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ के पद पर अमन कुमार, लेखा सहायक के पद पर- शशि भूषण कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर- धनंजय कुमार एवं एमटीएस के पद पर राहुल कुमार राज का चयन किया गया। सभी अभ्यर्थी अपना नियुक्ति पत्र लेकर काफी प्रसन्न नजर आए एवं उन्होंने अपने कार्य को सफल तरीके से करने का संकल्प लिया।

## सोयाबीन तेल भरा टैंकर हुआ दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



थाना क्षेत्र के कराखूंट जंगल के समीप कोलकत्ता से नेपाल जा रहा सोयाबीन भरा टैंकर बीते गुरुवार की देर रात्रि दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस सड़क दुर्घटना में चालक घायल हो गया, जिसे पुलिस बलों के सहयोग से इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात्रि कोलकत्ता से सोयाबीन तेल लोड करके टैंकर नेपाल जा रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहनों के चकमा दिए जाने के कारण टैंकर सड़क के बगल रहे बड़े गड्ढे में जा गिरा। इस टैंकर चालक घायल हो गया था, जिसका इलाज पुलिस बलों की सहायता से करवाया गया। सड़क दुर्घटना की सूचना चालक द्वारा अपने मालिक हो दिया गया, उसके बाद अगले सुबह में दुर्घटनाग्रस्त टैंकर से बचे तेल को दूसरे टैंकर में भरकर ले जाया गया। वहीं सोयाबीन तेल भरे टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना आसपास के ग्रामीणों को मिलते ही वे घर में रखे प्लास्टिक के बाल्टी एवं एल्युमिनियम के तसला आदि लेकर टैंकर के पास पहुंच गए एवं आसपास जमा सोयाबीन तेल को बर्तन में भरकर अपने घर लेकर जाते दिखे। इस दौरान थाना के चौकीदार विनोद कुमार दुर्घटनाग्रस्त टैंकर के समीप मौजूद था।

## कुव्यवस्था-पिछले चार दिनों से ठंड का कहर जारी, अलाव की कोई व्यवस्था नहीं

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों ठंड के कहर से लोग परेशान हैं।पिछले सप्ताह से भी कहीं अधिक ठंड इस सप्ताह के दिनों में पड़ रहा है। बीते गुरुवार की रात्रि प्रखण्ड क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 8 सेंटीग्रेड देखने को मिला। वहीं ठण्ड के बढ़ते कहर से सभी तबके के लोग प्रभावित हैं। लोगों को सुबह से सूरज का दर्शन नहीं हो पाया, सुबह में कोहरे के आगोश में पूरा नगर क्षेत्र डूबा रहा। लोगों को भगवान भास्कर का दर्शन लगभग 8 बजे के करीब हुई। चल रहे हांड कंपाने वाली पछुआ हवा व कनकनी कहर बरपा रहा है। जिसके कारण व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी समय अनुकूल नहीं खुल रहे हैं। ठंड से बचाव के लिए सरकारी स्तर पर कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। सरकारी व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग सड़क पर गिरे हुए कागजों, जलावनो को एकत्रित कर उसे जलाकर ठंड भगाने में जुटे हुए हैं। ठंड से बचने के लिए निचले तबके के लोग बोरसी का सहारा ले रहे हैं। बड़े घरों के लोग बिजली हिटर का उपयोग कर ठंड से बचने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। शाम ढलने के पूर्व ही लोग अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। प्रतिदिन पारा नीचे की ओर तरफ सरक रहा है। इधर ठण्ड के कहर से त्रस्त दुकानदारों एवं रिक्शा चालकों ने मुर्गी को ढोनेवाले बांस के पिंजरे को जलाकर गुजारा कर रहे हैं। ग्रामीण सुमित कुमार, बब्लू पंडित, रोहित शर्मा, गोरेलाल कुमार, चन्दन कुमार, रौशन कुमार आदि ने बताया कि ठंड में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है, किन्तु सरकार की तरफ से अस्पताल परिसर, चौक-चौराहे व बस स्टैंड समेत अन्य जरूरी जगहों पर अबतक अलाव का व्यवस्था नहीं किया गया है।

## लोन की जमा नहीं करने वाले 15 दिसंबर से 30 दिसंबर के बीच एफिडेविट करें जमा

» उक्त शपथ पत्र जमा करने से लाभार्थियों पर कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं होती है। शपथ पत्र वर्ष में दो बार जमा होती है

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

वैसे छात्र जो बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत ऋण लेकर अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं परंतु उनके पास कोई भी रोजगार नहीं है। सरकार को रन वापस नहीं करना है तो बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम को एक शपथ पत्र देना रहता है जिसमें यह लिखा हुआ रहता है कि आपके पास कोई रोजगार नहीं है और आप अभी ऋण चुकाने में सक्षम नहीं है। उक्त शपथ पत्र जमा करने से लाभार्थियों पर कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं होती है। शपथ पत्र वर्ष में दो बार जमा होती है जिसका तिथि निर्धारित होता है शपथ पत्र भरने का तिथि 15 दिसंबर से 30 दिसंबर तक है। शपथ पत्र बनवाने के बाद लाभार्थियों को शपथ पत्र जमा करने हेतु डीआएसीसी कार्यालय मोकर, सासाराम में जमा करना होता है। शपथ पत्र नहीं जमा करने वाले लाभार्थी को नोटिस भेजा जाता हैं एवं उनके ऊपर सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जाता है।उक्त शपथ पत्र 6 माह की वैधता रहती है एवं पुनः लाभार्थी को 15 जून से 30 जून के बीच शपथ पत्र जमा करना रहता है।ज्ञात हो कि अब तक सासाराम में 700 लाभार्थी पर सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जा चुका है। उक्त जानकारी ऋण वसूली पदाधिकारी राधे कृष्ण, बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम, डीआईसीसी के द्वारा दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अपार आईडी नहीं बनाने वाले 559 विद्यालयों पर स्पष्टीकरण

**आरा।** भोजपुर जिले के 559 विद्यालयों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। शिक्षा विभाग ने यह कार्रवाई छात्र-छात्राओं का अपार आईडी संतोषजनक नहीं बनाने पर किया है। इनमें 339 निजी विद्यालय और 220 सरकारी विद्यालय शामिल है। अपार आईडी बनाने में भोजपुर जिले का सूबे में 23 वां स्थान है। राज्य स्तरीय कार्यालय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्थिति में सुधार लाने की हिदायत दी है। इस बाबत प्राथमिक एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर ने भोजपुर जिले के 339 निजी विद्यालय और 220 सरकारी विद्यालयों से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय अपार आईडी बनाने में रुचि नहीं ले रहे है जो उनकी लापरवाही एवं मनमर्जी-पन को दर्शाता है। वर्ग एक से 12 तक के सभी छात्र-छात्राओं के लिए अपार आईडी जेनरेट करने के लिए पहले निर्देशित किया गया था। प्रखंड स्तर पर सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण संचालित कर इसके सभी पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई थी। अविलंब कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया था। लेकिन धरातल पर अपार आईडी जेनरेट करने के लिए कार्य कई विद्यालयों ने शुरु नहीं किया है। दो दिनों के भीतर अपार आईडी जेनरेट करते हुए स्पष्टीकरण का जवाब मांगा गया है। जवाब नहीं देने पर निजी विद्यालयों के यू-डायस कोड एवं ई-संबंधन पंजीकरण को रद्द करने के लिए राज्य कार्यालय को अनुशंसा की जाएगी। मूलभूत सुविधा नहीं होने के कारण अपार आईडी बनाने में हो रही है परेशानी सदर आरा, अगिआंव, बिहिया और जगदीशपुर के विद्यालयों के कई एचएम ने बताया कि अपार आईडी बनाने में काफी दिक्कतें आ रही है। सरकारी विद्यालयों के पास मूलभूत सुविधाओं की काफी कमी है। लैपटॉप/ कंप्यूटर अथवा नेट नहीं होने से परेशानी और ज्यादा बढ़ जा रही है। शत्-प्रतिशत अपार आईडी बनाने का प्रयास सरकारी विद्यालयों कर रहे है। जल्द ही रिपोर्ट कार्ड बेहतर हो जाएगा। इधर, निजी विद्यालयों ने बताया कि समय पर अपार आईडी बनाने के लिए कोई सूचना नहीं दी गई है। अब शिक्षा विभाग विद्यालयों पर दबाव बना रहा है।

### 15 तक ग्रांट की राशि खर्च कर उपयोगिता प्रमाण-पत्र करें जमा

**आरा।** शिक्षा विभाग ने समग्र विद्यालय अनुदान एवं यूथ एंड क्लब की राशि 15 दिसंबर तक शत्-प्रतिशत खर्च करने का निर्देश दिया है। 18 दिसंबर तक उपयोगिता प्रमाण-पत्र संबंधित प्रखंड कार्यालय के लेखा शाखा में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस बाबत सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर ने सभी प्रारंभिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि वह निर्धारित तक समग्र विद्यालय अनुदान एवं यूथ एंड क्लब की राशि खर्च कर उपयोगिता प्रमाण-पत्र कार्यालय को उपलब्ध करा दे। आगे बताया कि उपरोक्त तिथि तक सीआरसी ग्रांट की राशि को खर्च करने का आदेश भी सभी कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर एवं शहरी कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के संचालक एवं समन्वयक को दिया गया है। इसके साथ ही बीआरसी ग्रांट की राशि भी 15 दिसंबर तक खर्च करने के लिए सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं सहायक लेखापाल को निर्देशित किया गया है।

### राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के पांच छात्रों को नौकरी

**आरा।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के पांच विद्यार्थियों का चयन नौकरी के लिए हुआ है। इकोस्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सिविल इंजीनियरिंग संकाय सत्र, 2021-25 के चार विद्यार्थियों का चयन 3 लाख के पैकेज पर हुआ है। इसके अलावे विभाग द्वारा आयोजित पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में मेकैनिकल संकाय के सत्र, 2020-24 के एक छात्र का भी चयन हुआ है। ट्रेनिंग प्लेसमेंट पदाधिकारी प्रो अमृतांशु रौशन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सिविल इंजीनियरिंग के अंकित कुमार, अंशुल भारती, स्वीटी कुमारी और प्रिंस कुमार का कोर कंस्ट्रक्शन कंपनी में चयन हुआ है।

### सांसद ने कटाव को रोकने व स्थाई पुल निर्माण की मांग की

**आरा।** लोकसभा के शीतकालीन सत्र में आरा के सांसद सुदामा प्रसाद ने आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक 2024 पर सवाल उठाया। साथ ही शाहपुर में गंगा कटाव को रोकने और महुली व शिवपुर घाट पर स्थाई पुल निर्माण की मांग की। इसकी जानकारी देते हुए भाकपा माले के जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम ने बताया कि सांसद ने कहा कि आपदाओं की संख्या कम करने के बारे में या जिन वजह से आपदाएं आ रही हैं उन वजहों को साफ करने की दिशा में कदम बढ़ाने के बाद अगर इस विधेयक में यह बात रहती तो जरूर इसका समर्थन करते। लेकिन यह सीरे से गायब है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई खनिजों का उत्खनन, पहाड़ों की कटाई और कार्बन उत्कर्ष उत्सर्जन फोकस करने की जरूरत है। आपदाओं पर रोक लगाने के लिए नीतिगत फैसला लेना होगा। लेकिन इसमें सिर्फ राहत की बात हो रही है। उन्होंने कहा कि भोजपुर जिले में एक तरफ सोन नदी है तो दूसरी तरफ गंगा नदी। कभी-कभी ऐसा होता है कि दोनों नदियों में भयंकर बाढ़ आती है। पिछले दिनों गंगा नदी में जो बाढ़ आई उसमें दर्जनों लोगों की डूबने से मौत हो गयी। शाहपुर के जवनिया और बड़हरा के खवासपुर में 64 घर गंगा की गोद में समा गए। अभी तक इन विस्थापित परिवारों को बचाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किया गया। जिन मछुआरों ने वहां नावें चलायी थी, उनका पैसा नहीं मिला।जिन लोगों ने सामुदायिक किचन का पैसा लगाया उनको पैसा नहीं मिला।

# सीढ़ी तोड़कर चला गया प्रशासन, बैंक में फंस गए कस्टमर-स्टाफ

निज संवाददाता। बक्सर



**JCB से फर्स्ट फ्लोर से नीचे उतारा गया, बक्सर में अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर**

बक्सर में अतिक्रमण हटाने के दौरान अजीबो-गरीब स्थिति हो गई। दरअसल, स्थानीय प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के दौरान एक मकान में बाहर की ओर बनाई गई सीढ़ी को तोड़ दिया। इस मकान में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की एक ब्रांच है। सीढ़ी टूट जाने से बैंक गए कस्टमर और स्टाफ मकान के पहले फ्लोर पर फंस गए। जिसके बाद लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। नीचे भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही आनन-फानन में प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद बैंक आने वाले दूसरे ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम तक बैंक कर्मी अस्थायी सीढ़ियों की मदद से बाहर निकल सके। गुरुवार को सिमरी प्रखंड क्षेत्र के नियाजीपुर बाजार में अतिक्रमण हटाने के दौरान ये वाकया हुआ।

**पहले ही दिया गया था नोटिसः** प्रशासन की मानें तो अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई के लिए पहले ही नोटिस जारी कर दिया गया था। बावजूद इसके, स्थानीय लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाना जरूरी था, क्योंकि बाजार क्षेत्र में अवैध निर्माण की वजह से सड़क निर्माण में बाधा आ रही थी। ठेकेदार की ओर से इस समस्या की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन हरकत में आया।

अतिक्रमण हटाने के दौरान अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, लेकिन पुलिस बल की उपस्थिति में स्थिति नियंत्रण में रही। SDPO अफाक अख्तर अंसारी, BDO शशिकांत शर्मा, CO भगवती शरण पांडेय सहित तीन थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही।

**आशा पड़री से बक्सर-कोइलवर तटबंध तक चौड़ी हो रही सड़कः** आशा पड़री से बक्सर-कोइलवर तटबंध तक सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। इस परियोजना में नाली निर्माण भी शामिल है, ताकि लोगों को सड़क और जल निकासी की सुविधा मिल सके। इस कार्रवाई के बाद नियाजीपुर बाजार में हलचल है। स्थानीय लोग अस्थायी अतिक्रमण हटाने में खुद ही जुट गए। प्रशासन की इस सख्ती से यह संदेश गया कि सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने वाले किसी भी अतिक्रमण को बख्शा नहीं जाएगा।

## स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन के लिए आशा को दिया गया प्रशिक्षण



निज संवाददाता। आरा

राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए आशा को विभिन्न तरह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 10 से 14 दिसंबर तक होगा। गुरुवार को आरा सदर ब्लॉक एवं अगिआंव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आशा को प्रशिक्षण दिया गया। आशा को परिवार नियोजन, फाइलेरिया, मलेरिया, टीकाकरण समेत राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्वास्थ्य योजना का कार्य करने के लिए इस शिविर में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण गौसगंज के एक स्थानीय होटल के सभागार में हो रहा है। एसीएमओ डॉ केएन सिन्हा ने इस प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। डॉ केएन सिन्हा ने पाया कि 6 प्रशिक्षक आशा कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दे रहे हैं। प्रशिक्षक मनोज कुमार द्विवेदी भोजपुर के, सुनील कुमार तिवारी मुजफ्फरपुर के, निखिल कुमार पटना के, कुमारी सुनीता सिंह जहानाबाद के, अनिता कुमारी रोहतास के और संजय कुमार महतो सारण के थे। दो बैच में तीन-तीन प्रशिक्षक दोनों बैच को ट्रेनिंग दे रहे हैं।

**प्रशिक्षण के बाद आशा की ली जाये परीक्षाः एसीएमओः** डॉ सिन्हा ने प्रशिक्षण को संतोषजनक पाया। कहा कि सभी आशा बेहिचक कोई भी बात समझ में नहीं आने पूछ लें।

## आपसी विवाद में पति ने पत्नी को मारी गोली, जख्मी, बक्सर में घटना के बाद आरोपी फरार

### गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही पुलिस

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के धनसोई थाना क्षेत्र के बन्नी गांव में शुक्रवार को घरेलू विवाद में पति ने पत्नी को गोली मार दी। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बन्नी गांव के मीर गुरफान और उनकी पत्नी चंदा बेगम के बीच शुक्रवार को किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर मीर गुरफान ने अपनी पत्नी चंदा बेगम को गोली मार दी। गोली उसके पेट में लगी थी। जिसके बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी चंदा बेगम को परिजनों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक, महिला के पेट में गोली लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

**वारदात के बाद आरोपी फरारः** घटना की सूचना मिलते ही धनसोई थानाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि आपसी विवाद में पति द्वारा पत्नी को गोली मारने की सूचना प्राप्त हुई है। फिलहाल आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। परिजनों के द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद मामले की विस्तृत जानकारी सामने आएगी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

## 114 रैपिड एक्शन फोर्स को दी गई तनाव मुक्ति की जानकारी

निज संवाददाता। कोईलवर

114 रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) कोईलवर अवस्थित परिसर में आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान के द्वारा 06 दिवसीय तनाव प्रबंधन पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह विशेष पाठ्यक्रम 06 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चला। जिसमें आरएएफ के जवानों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ 06 दिसंबर को किया गया था। जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने पाठ्यक्रम का उद्देश्य बताया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जवानों को तनाव प्रबंधन की तकनीकें सिखाना और उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाना है। पाठ्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को योग, ध्यान, और सुदर्शन क्रिया जैसी प्रभावशाली तकनीकें सिखाई गईं।



प्रशिक्षकों ने बताया कि इन तकनीकों से तनाव को कम करने, ऊर्जा को बढ़ाने और मानसिक शांति प्राप्त करने में मदद मिलती है। प्रतिभागियों ने गहन रूप से इन सत्रों में भाग लिया और इन विधियों के लाभों को अनुभव किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित सत्र में सभी ने अपने अनुभव साझा किए। प्रतिभागियों ने कहा कि इस पाठ्यक्रम से उन्हें न केवल अपने कार्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली, बल्कि जीवन में संतुलन और सकारात्मकता लाने के भी उपयोगी उपाय सीखे। 114 आरएएफ के कमांडेंट अश्वनी कुमार झा ने आर्ट ऑफ लिविंग की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जवानों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सशक्त संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पाठ्यक्रम न केवल एक सकारात्मक अनुभव रहा, बल्कि यह जवानों के जीवन में स्थायी प्रभाव छोड़ने वाला कदम भी साबित होगा।

## BPSC परीक्षा को लेकर सभी होटल-लॉज फुल, स्टेशन पर अभ्यर्थियों ने गुजारी रात

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में बीपीएससी परीक्षा को लेकर बक्सर शहर में हजारों अभ्यर्थियों का जमावड़ा हो गया है। स्टेशन रोड से लेकर शहर के सभी होटल और लॉज पूरी तरह भर चुके हैं। हालात ऐसे हैं कि कई अभ्यर्थी एक कमरे में चार-चार लोग ठहरने को मजबूर हैं। होटल के हॉल भी खचाखच भरे हुए हैं, जहां परीक्षार्थी किसी तरह रात गुजारने की कोशिश कर रहे हैं। ठहरने की समस्या बढ़ने के कारण रेलवे स्टेशन पर भी भीड़ उमड़ पड़ी है। प्लेटफॉर्म पर चादर या कंबल बिछाकर परीक्षार्थी रात बिता रहे हैं। बक्सर रेलवे स्टेशन पर मौजूद कई अभ्यर्थियों ने प्रशासन पर ठहरने की उचित व्यवस्था न करने का आरोप लगाया। एक परीक्षार्थी ने कहा कि इस समस्या का समाधान पहले से किया जाना चाहिए था, ताकि इतनी परेशानियों का सामना न करना पड़ता।

**शाम से ही पहुंचने लगे परीक्षार्थीः** चौरसिया लॉज के प्रबंधक ने बताया कि परीक्षार्थियों की भीड़ शाम से ही होटल में आना शुरू हो गई थी और सभी कमरे और हॉल फटाफट भर गए। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की संख्या उम्मीद से कहीं ज्यादा है, जिससे स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई है।

**सुविधाओं का अभावः** रेलवे स्टेशन पर ठहरे कई अभ्यर्थियों ने बताया कि वहां न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही ठहरने की कोई व्यवस्था। ठंड के मौसम में खुले प्लेटफॉर्म पर रात बिताना उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया है। परीक्षार्थियों ने प्रशासन से इस समस्या का जल्द समाधान करने की अपील की है। बक्सर की यह स्थिति प्रशासनिक तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े करती है और अभ्यर्थियों को हो रही कठिनाइयों को उजागर करती है। हजारों परीक्षार्थी ठंड और अव्यवस्थाओं के बीच परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।



**होटलों में चली छापेमारीः** नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि रात करीब 11 बजे तक इस तरह की कोई भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना नहीं मिली। प्रशासन ने होटल में रुके हुए व्यक्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनकी पहचान सुनिश्चित की। औचक जांच अभियान के कारण पूरे इलाके में हड़कंप मच गया, लेकिन कोई गंभीर घटना सामने नहीं आई। नगर में बीपीएससी की परीक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन ने विभिन्न होटलों और लॉज में औचक जांच अभियान चलाया। इस दौरान, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहे। जांच का मुख्य उद्देश्य यह था कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि होटल में किसी भी प्रकार के धोखाधड़ी के प्रयास, जैसे कि परीक्षा में नकल करने वाले गैंग या किसी असामाजिक तत्व का वहां ठहराव नहीं है। बता दें कि आज जिले में बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक एक पाली में आयोजित की जाएगी। जिसके लिए बक्सर जिले में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 20 केंद्र बक्सर अनुमंडल में और 3 केंद्र डुमराँव अनुमंडल में हैं। जिसमे कुल 11,460 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

**20 केंद्र पर 11,460 परीक्षार्थी देंगे एग्जाम**

# महिला और बाल विकास निगम ने 40 चयनित छात्राओं के साथ किया संवाद

निज संवाददाता। आरा



महिला एवं बाल विकास निगम ने जिले की 40 चयनित छात्राओं के साथ जिला समाहरणालय में संवाद किया। सभी छात्राओं को "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" योजना के तहत उपहार स्वरूप स्कूल बैग दिए गए। डीएम तनय सुल्तानिया ने बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, पोशाक योजना, साइकिल योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि की जानकारी दी। कहा कि छात्राओं के जन्म से लेकर कॉलेज तक सरकारी योजनाएं उनके हर कदम पर मददगार हैं। किसी भी बाधा को दूर करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक हो सकती हैं। अगर हम अपना लक्ष्य पूरा करना चाहें तो उसे पूरी लगन और मेहनत से हासिल किया जा सकता है। छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों और विचारों का अच्छे से उत्तर दिया। उप विकास आयुक्त डॉ अनुपमा सिंह ने कहा कि लड़कियों को लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है लेकिन इन कठिनाइयों से घबराने या भटकने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि, इन चुनौतियों को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए। चाहे स्पोर्ट्स, मेडिकल या अन्य कोई भी क्षेत्र हो, प्रत्येक क्षेत्र में लड़की को अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए।आईसीडीएस की जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रश्मि सिन्हा ने कहा कि आज की बेटियां किसी से कम नहीं हैं। उनके निरंतर विकास के लिए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा जिले में संचालित आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी भी दी। साथ ही, समाज में फैली कुरीतियों और भ्रांतियों को खत्म करने के लिए हमेशा अग्रसर रहने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम के अंत में, जिला महिला समन्वयक ( डीएचईडब्लू) ने पीपीटी के माध्यम से महिला एवं बाल विकास मिशन द्वारा संचालित सभी योजनाओं, जैसे वन स्टॉप सेंटर 181 और अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

## भारत गौरव ट्रेन विशेष यात्रा प्रारंभ, 2025 के 5 से 17 जनवरी तक शिरडी और 7 ज्योतिलिंग के कराएंगे दर्शन

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में इंडियन रेलवे कैटरिंग एन्ड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IRCTC) भारत गौरव पर्यटन ट्रेन के माध्यम से शिरडी एवं सात ज्योतिर्लिंग यात्रा का आयोजन कर रहा है। यह विशेष यात्रा 5 जनवरी को झारसुगुड़ा स्टेशन (झारखंड) से आरंभ होगी और 17 जनवरी को समाप्त होगी। इस ट्रेन का बोर्डिंग प्वाइंट बक्सर सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रहेगा।बक्सर रेलवे यूनियन कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में IRCTC के क्षेत्रीय कार्यालय पटना के संजीव कुमार, पर्यटन सहायक ऋषिकेश कुमार और बक्सर स्टेशन प्रबंधक श्रीकांत कुमार ने यात्रा की जानकारी दी।

**यात्रा का मुख्य कार्यक्रमः** ट्रेन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से खुलने के बाद तीर्थयात्रियों को निम्नलिखित स्थलों का दर्शन कराएगी। उज्जैन श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, द्वारकाश्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और श्री द्वारकाधीश मंदिर,सोमनाथ में श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, शिरडी में साईं बाबा का दर्शन, नासिक में श्री त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग पुणे में श्री भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग,औरंगाबाद में श्री घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन कराएगी।



**यात्रा सुविधाएंः** तीर्थयात्रियों के लिए होटल में रात्रि विश्राम, सुबह, दोपहर और रात का भोजन, सुबह-शाम चाय की व्यवस्था, वातानुकूलित बस से स्थानीय दर्शन, कोच में सुरक्षा गार्ड, सफाईकर्मी और टूर स्कर्ट्स की सुविधा, यात्रा बीमा की सुविधा

**◆ बक्सर से भी बोर्डिंग सुविधा**

**खर्च और बुकिंगः** प्रति व्यक्ति यात्रा खर्च 24,330 निर्धारित किया गया है। बुकिंग के लिए यात्री IRCTC की वेबसाइट पर जा सकते हैं या बक्सर स्टेशन प्रबंधक श्रीकांत कुमार से मोबाइल नंबर 9534871396 पर संपर्क कर सकते हैं।यह यात्रा धार्मिक आस्था रखने वाले यात्रियों के लिए एक विशेष अवसर है, जिसमें उन्हें शिरडी साईं बाबा के साथ सात ज्योतिर्लिंगों का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वेंडिंग जोन के लिए 16 को लॉटरी से किया जाएगा चयन

**भागलपुर**। लाजपत पार्क के सामने बने वेंडिंग जोन में नौ दुकानों का टेंडर जारी हो गया है। 16 दिसंबर को लॉटरी के जरिए दुकानदारों का चयन किया जाएगा। इसमें कुल नौ आवेदकों को बुलाया गया है। उनसे कहा गया है कि लॉटरी से ही चयन होना है। अगर उस दिन आपलोग नहीं आएंगे तो आपका दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा। स्मार्ट सिटी के पीआरओ पंकज कुमार ने बताया कि वहां के लिए 16 को हमलोग तय कर लेंगे। बता दें कि इस जगह के लिए अबतक तीन बार टेंडर जारी हो चुका है। लेकिन पर्याप्त संख्या में दुकानदार ही नहीं मिल रहे। दरअसल यहां दुकान लेने के लिए जो अहर्ता रखी गयी है वह स्ट्रीट वेंडर से जिनके पास लाइसेंस है, वही होने चाहिए। इस वजह से सामान्य नागरिक दुकान के लिए आवेदन भी नहीं कर पाता है।

### अवैध होर्डिंग के खिलाफ शुरू हुआ अभियान

**भागलपुर**। शहर से अतिक्रमण हटाने के बाद अब अवैध होर्डिंग के खिलाफ निगम प्रशासन ने अभियान शुरू किया है। पहले दिन गुरुवार को पांच दर्जन से ज्यादा अवैध होर्डिंग व बैनर-पोस्टर हटाए गए हैं। शाखा प्रभारी अजय शर्मा व अतिक्रमण प्रभारी वशिष्ठ नारायण की टीम ने घूरनपीर बाबा चौक, कचहरी चौक, कोर्ट कैंपस के बाहर, बड़ी पोस्ट ऑफिस के पास से लेकर घंटाघर चौक तक यह अभियान चला। प्रभारी अजय शर्मा ने बताया कि अभी यह अभियान लगातार चलेगा।

### दो माह बाद भी आधार कार्ड नहीं बन पा रहा, दिख रहा अंडर प्रोसेस

**भागलपुर**। दो माह बाद भी आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। ऑनलाइन चेक करने पर वेबसाइट में अंडर प्रोसेस ही दिख रहा है। आधार कार्ड नहीं बनने से स्कूली बच्चों के एडमिशन में दिक्कत हो रही है। इन दिनों निजी स्कूलों में छोटे बच्चों का नामांकन के लिए लगातार साक्षात्कार लिए जा रहे हैं। वहां आधार कार्ड भी मांगे जा रहे हैं, लेकिन सभी बच्चों के कार्ड नहीं बन सके हैं। जिन्होंने एक नवंबर को आधार कार्ड के लिए ऑनलाइन से पूरी प्रक्रिया अपनाई, उनका कार्ड भी बनकर नहीं आ सका है। इसे लेकर हर दिन नगर निगम के आधार कार्ड सेंटर पर लोग पूछताछ करने आ रहे हैं। यहां मौजूद कर्मचारी का कहना है कि पहले एक माह में बन जाता था, लेकिन अब तीन माह तक समय ले रहा है। इसलिए इसमें दिक्कत हो रही है। बुधवार को कई स्कूलों में साक्षात्कार हुआ, गुरुवार को भी लिया गया और शुक्रवार एवं शनिवार को भी कई स्कूलों में बच्चों का साक्षात्कार होना है। नगर निगम के पीआरओ विनय कुमार यादव ने बताया कि ऑनलाइन जो हो रहा है, उसमें यहां से कुछ नहीं हो सकता। वह तो सर्वर के जरिए ही संभव है।

### लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की मदद से आरोपी को किया बरी

**भागलपुर**। जिला विधि सेवा प्राधिकार भागलपुर की लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम (एलएडीसीएस) की मदद से आर्म्स एक्ट, रंगदारी और एससी-एसटी मामले का आरोपी कोर्ट से बरी हुआ। एडीजे तीन के कोर्ट ने आरोपी राजेन्द्र मिस्त्री उर्फ शर्मा को इन आरापों से शुक्रवार को बरी कर दिया। कोर्ट ने ही अपनी पैरवी करने में अक्षम राजेन्द्र मिस्त्री को एलएडीसीएस के तहत मदद पहुंचाने का निर्देश प्राधिकार को दिया गया था। नवगछिया के गोपालपुर के रहने वाले राजेन्द्र मिस्त्री पर सुशील रजक ने 2003 में हथियार दिखाकर रंगदारी मांगने और जातिसूचक गाली देने का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया था। बताया गया कि जिला विधि सेवा प्राधिकार भागलपुर ने एलएडीसीएस बनाया है जो वैसे कैदियों को सहायता उपलब्ध कराता है जो जेल में बंद हैं और अपनी पैरवी करने में अक्षम हैं।

### रेलवे मेन्स कांग्रेस व मेन्स यूनियन का 11 वर्ष बाद भी दबदबा, 3 संगठनों की जमानत जब्त

**भागलपुर**। 11 वर्ष पहले 2013 में हुए चुनाव में ईआरएमसी और ईआरएमयू दोनों ही संगठनों को जीत मिली थी। तब भी ईस्टर्न रेलवे मेन्स यूनियन ने पहला स्थान पाया था। दूसरे स्थान पर 11 साल बाद भी ईस्टर्न रेलवे मेन्स कांग्रेस रही। इन 11 साल के अंतराल के बाद भी ईस्टर्न रेलवे मेन्स कांग्रेस अपने प्रतिद्वंद्वी ईआरएमयू को पछाड़ नहीं सकी। हालांकि वोटों के अंतर को काफी हद तक कम किया है। 2013 में यह अंतर 9435 था, जो 2024 में घटकर 1144 रह गया। 11 वर्षों में ईआरएमयू के मतों में 9,275 वोटों की कमी आई। 2024 में 79063 रेल कर्मचारियों ने मतदान किया। 2013 में मतदान करने वालों की संख्या 108859 थी। मसलन, मतदान करने वाले कर्मचारियों की संख्या भी 29,796 कम हुई है। संगठन 2013 2024 ईआरएमयू 42537 33262 ईआरएमसी 33102 32118 सिटी रिपोर्टर| भागलपुर रेलवे संगठनों के चुनाव परिणाम गुरुवार को आ गए। चुनाव नतीजों से रेल कर्मचारियों के बीच कहीं खुशी तो कहीं निराशा मिली। 5 संगठनों ने चुनाव लड़े थे। 3 की जमानत जब्त हो गई, जबकि दो संगठन ईस्टर्न रेलवे मेन्स कांग्रेस (ईआरएमसी) और ईस्टर्न रेलवे मेन्स यूनियन (ईआरएमयू) को जीत मिली। दोनों ही संगठनों के बीच 1144 वोटों का अंतर रहा। सबसे कम वोट ईस्टर्न रेलवे इम्प्लाइज यूनियन (ईआरईयू) को मिले। मतगणना के बाद रिटर्निंग अधिकारी ने चुनाव परिणाम जारी कर दिए। 4, 5 और 6 दिसंबर को भागलपुर और बाराहाट के बूथ नंबर 8, 9 व 10 में डाले गए वोटों की गिनती हुई। मतगणना मालदा में पूरी हुई, जिसका रिजल्ट कोलकाता भेजा गया। रिटर्निंग अधिकारी के पत्र के अनुसार ईस्टर्न रेलवे मेन्स यूनियन (ईआरएमयू) को 33262 वोट मिले, जबकि ईस्टर्न रेलवे मेन्स कांग्रेस (ईआरएमसी) पर 32118 कर्मचारियों ने अपना भरोसा जताया। ईस्टर्न रेलवे तृणमूल मेंस कांग्रेस को 4939 मत मिले। ईस्टर्न रेलवे इम्प्लाइज यूनियन (ईआरईयू) को 3525 मत ही मिल पाए।

# पूजा कर लौट रहा दंपति हादसे का शिकार, सामने से आ रही बाइक से हुई टक्कर

निज संवाददाता। भागलपुर

मुंबई से कमाकर घर लौटा एक शख्स पत्नी के साथ पूजा करने गया था। लौटने के दौरान बाइक सवार दंपति को सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार चारों लोग घायल हो गए। चारों घायलों को मायागंज अस्पताल में एडमिट कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, जगदीशपुर के मुक्तापुर के रहने वाले राजकुमार ठाकुर पत्नी के साथ बांका जिला स्थित तेलडिहा मंदिर में पूजा कर सुल्तानगंज के रास्ते भागलपुर लौट रहे थे। इसी दौरान लखीसराय के रहने वाले अमित कुमार अपने पत्नी के संग भागलपुर से सुल्तानगंज के तरफ जा रहे थे। तभी पीरी बाजार के पास दोनों बाइक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना के बाद सुल्तानगंज पुलिस मौके पर पहुंची, जहां से घायलों को इलाज के लिए सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, राजकुमार ठाकुर की स्थिति गंभीर देखते हुए इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।



### चार लोग अस्पताल में जख्मी

**राजकुमार के सिर में आई गंभीर चोटः** इधर, सूचना के बाद घायल राजकुमार ठाकुर के परिजन मायागंज अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि राजकुमार मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। वह हाल में ही घर लौटा था, अपने पत्नी और बच्चे के संग पूजा करने के लिए बांका जिला गया हुआ था। इसी दौरान लौटने के क्रम में बाइक से टक्कर हो गई। राजकुमार के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि उनके पत्नी के शरीर के कई हिस्सों में चोट लगी है। दूसरे पक्ष से अमित कुमार और उसकी पत्नी सोनी देवी भी घायल है, जिनका उपचार भागलपुर के रेफरल अस्पताल में किया जा रहा है।। पुलिस ने दोनों बाइक को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### गैर मजरुआ अतिक्रमित जमीन को पुलिस ने करवाया अतिक्रमण मुक्त

**चंपानगर**। चंपानगर नगर पंचायत में भारत गैस गोदाम के समीप गैर मजरूआ जमीन पर महादलित समुदाय के द्वारा बांस बल्ले से अतिक्रमण कर झोपड़ी बना लिया था। भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर मिथिलेश कुमार द्वारा केनगर अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर गैस गोदाम से सटे गैर मरूआ जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार थी। केनगर अंचलाधिकारी दिवाकर कुमार ने मामले को तत्परता से लेते हुए थानाध्यक्ष प्रियंका के नेतृत्व में तैनात सशस्त्र बलों के साथ कार्रवाई करते हुए महज कुछ ही घंटे में खाली करा दिया गया। ज्ञात हो की इसी जमीन पर विगत 2020 ई. में स्थानीय कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा बांस बल्ले से अतिक्रमण कर लिया गया था और तत्कालीन अंचलाधिकारी अनुज कुमार तथा तत्कालीन चंपानगर ओपी अध्यक्ष द्वारा पुलिस बलों के साथ खाली करवाया गया था। इस मौके पर राजस्व अधिकारी भवेश कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी सुधीर कुमार, आदि लोगों का अतिक्रमण मुक्त कराने में सराहनीय योगदान देखा गया।

## बाउंड्री पर लगवाए देवी-देवताओं का पोस्टर

# MBBS डॉक्टर ने लिखवाया- यहां पेशाब न करें, कूड़ा नहीं डालें, लोग बोले- ये हिंदू आस्था से खिलवाड़ है

निज संवाददाता। भागलपुर




भागलपुर के एक शख्स ने अपने घर के मेन गेट और बाउंड्री वॉल पर देवी-देवताओं की तस्वीरें लगा दी हैं। तस्वीरों के नीचे शख्स ने लिखवाया है कि यहां पेशाब न करें, कूड़ा न डालें, पोस्टर न लगाएं। सोशल मीडिया एक यूजर ने जब पोस्टर्स को देखा तो एक वीडियो बना लिया और इसे देवी-देवताओं का अपमान बताया। दीवारों पर देवी-देवताओं की पोस्टर लगाने वाले शख्स की पहचान खर्माचक इलाके के रहने वाले सुभाष घोष के रूप में हुई है। जब उनसे बातचीत की गई, तो उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से घर के दरवाजे के सामने कूड़ा फेंका जा रहा था। मेरे घर के बाउंड्री वॉल के किनारे लोग पेशाब कर देते थे और पोस्टर चिपका देते थे। कई बार मैंने लोगों को देखा और उन्हें मना भी किया लेकिन मेरी कोई सुनने को तैयार नहीं था। इसलिए मैंने ये तरीका ढूंढा। सुभाष घोष ने कहा कि मुझे लगा कि कम से कम देवी-देवताओं की तस्वीरों को देखने के बाद लोग मेरी बातों को समझेंगे और गंदगी नहीं फैलाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरे घर से कुछ दूर पर ही नगर निगम का डस्टबिन है, लेकिन लोग वहां कूड़ा न फेंककर मेरे घर के बाउंड्री के किनारे ही गंदगी कर रहे हैं। सुभाष घोष पेशे से डॉक्टर हैं। वे अपने घर 'अमूल्य भवन' में ही क्लिनिक चलाते हैं। उन्होंने अपने घर में जो बोर्ड लगाया है, उसमें नाम के नीचे MBBS लिखा है। उन्होंने बताया कि मैंने काफी सोचने के बाद दो दिन पहले ही ये पोस्टर लगाए हैं। उधर, उनके घर के पास चाय की दुकान लगाने वाले दिलीप राम ने कहा कि हम लोग इस तरह के उठाए गए कदम का विरोध करते हैं। ये हिंदू आस्था के साथ बिलकुल खिलवाड़ है। हालांकि, इस मामले में अभी तक डॉक्टर सुभाष घोष के खिलाफ किसी ने थाने में न तो आवेदन दिया है और न ही कार्रवाई की अपील की गई है।

**दिल्ली हाई कोर्ट में गया था ऐसा मामलाः** 19 दिसंबर 2022 को दिल्ली हाई कोर्ट में एक ऐसा ही मामला सामने आया था। कोर्ट ने एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें सार्वजनिक स्थलों पर टॉयलेट करने, थूकने या गंदगी फैलाने से रोकने के लिए दीवार पर देवी-देवताओं की तस्वीर लगाने की परंपरा को रोकने का अनुरोध किया गया था। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। खंडपीठ ने कहा कि न्यायालय ने 2014 में सार्वजनिक स्थान पर पेशाब करने के मुद्दे पर दायर एक अलग याचिका पर ऐसा कोई निर्देश देने से पहले ही इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा, "न्यायालय ने उपरोक्त (2014) आदेश में स्पष्ट शब्दों में कहा है कि सार्वजनिक स्थान पर पेशाब करने की समस्या का समाधान कहीं और है, न कि न्यायालय के समक्ष।" साथ ही पीठ ने कहा कि "न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अपने असाधारण क्षेत्राधिकार का प्रयोग करते हुए ऐसे निर्देश पारित नहीं कर सकता, जिनकी मांग वर्तमान जनहित याचिका में की जा रही है।" जनहित याचिका वकील गोरांग गुप्ता की ओर से दायर की गई थी, जिसमें कहा गया था कि देवताओं की तस्वीरों का इस तरह का उपयोग संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन है।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह
शुद्धि पत्र

बिहार सरकार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/2024–25 जिसका PR No.- 13590 (WRD) 2024-25 है, में नियम एवं शर्त के अनुभाग–6 (घ) "अद्यतन लेबर लाईसेंस (फार्म–V)" को तकनिकि कारणों से विलोपित किया जाता है।
निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्त्ते पूर्वत यथावत रहेगी।

PR. No.14717 (WRD) 2024-25

(ई0 राजू कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
पुनपुन बराज प्रमण्डल–1,गोह

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

Public Health Engineering Department
Public Health Engineering Division, Aurangabad
SHORT RE-TENDER NIT No –10R2/2024-25 (O&M-PRD)
National Competitive Bidding
(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

Govt. of Bihar

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Designation and Address of Advertiser | Executive Engineer, Public Health Division, **Aurangabad** |
| 2 | Date of issue of Tender Notice | 10.12.2024 |
| 3 | Period of sale (downloading) of tender Bid Document | 22.12.2024 to 29.12.2024 up to17:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Date, time & place of pre-bid meeting | 24.12.2024 at 11.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer P. H. Division, **Aurangabad.** |
| 5 | Last date and time of receipt (uploading) of tender | 29.12.2024 up to 17:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Date and time of opening of technical bid | 30.12.2024 at 11:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 7 | Date and time of opening of financial bid | Executive Engineer, Public Health Division, **Aurangabad** |

8. **Details of works:** Name of Work:- Comprehensive operation and maintenance and Special repair of ward level Piped Water Supply Schemes constructed by the "Panchayati Raj Department" and handed over to PHED for 4 years; excluding the cost of energy charges and operator wages.

| Gr. No. | Block | Estimated Cost (in Lakh) | Amount of Earnest Money (in Lakh) | Cost of Tender Document (non- refundable) (in Rs.) | BSEDC Bid Processing Fee (in Rs.) | Time Period of maintenance (in months) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | Navinagar, Barun, Kutumba -Total No of Scheme-715 | 1544.40 | 25.45 | 10000 | 5900 | 48 Month |

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**
PR- 014686 (PHED) 2024-25

Executive Engineer
Public Health Division, Aurangabad.

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में बाबा गिरफ्तार

**भागलपुर**। नवगछिया के खरिक थाना क्षेत्र के गणेशपुर में सत्संग के दौरान नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में खरिक थाना पुलिस ने ढोंगी बाबा को नवगछिया रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि ढोंगी बाबा हरिद्वार भागने के फिराक में था। बता दें कि 6 दिसंबर को खरिक थाना के गनेशपुर गांव में सत्संग के कार्यक्रम हो रहा था सत्संग के खत्म हो ने के बाद कमरे में बैग व अन्य सामान पहुंचने गई बारह वर्षीय किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। दुष्कर्म की बात फैलते ही उग्र हुए भीड़ ने बाबा पर हमला बोल दिया। जिसके बाद ढोंगी बाबा अपना झोला पोथी ले कर भीड़ से बचते हुए किसी तरह फरार हो गया था घटना के बाद भीड़ से जानकारी मिली कि ढोंगी बाबा सुदर्शन का रिश्तेदार गनेशपुर में भी है जिसके कहने पर वह यहां सत्संग में प्रवचन करने आए थे।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

गर्म पोशाक (पैजामा) क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, पलामू के आदेशानुसार पलामू जिला अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 03–06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (पैजामा) का क्रय/आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदादाता द्वारा Double Envelop System पद्धति के अनुरूप मुहरबन्द लिफाफे में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में दिनांक 23.12.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदा को दिनांक 23.12.2024 को ही अपराह्न 03:00 बजे गठित जिला क्रय समिति/निविदा निस्तारण समिति द्वारा समाहरणालय सभागार (ब्लॉक–ए) में निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि गर्म पोशाक (पैजामा) के नमूने के साथ भाग लेंगे।
निविदा की शेष शर्ते जिले के अधिकारिक वेबसाईट–www.palamu.nic.in एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू

PR 341920 District (24-25)_D

## बैठक में शामिल नहीं होने पर वेतन कटौती DM ने 48 घंटे में मांगा स्पष्टीकरण



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर जिला गोपनीय शाखा के आवासीय कार्यालय में डीएम के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें 38 पदाधिकारी बैठक में अनुपस्थित पाए गए। जिसको लेकर डीएम ने 48 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण मांगने के साथ बुधवार के वेतन की कटौती करने का आदेश दिया है। बैठक में पदाधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय से संबंधित पदाधिकारियों और कर्मचारियों की प्राथमिकता सूची, अक्टूबर 2023 से अब तक लंबित पत्रों की सूची, कार्य निर्धारण से संबंधित कार्ययोजना और विभागीय बैठक की कार्यवाही की प्रति के साथ उपस्थित होना था।

वेतन कटौती में इन पदाधिकारियों का नाम शामिलः जिन पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

उनमें आपदा प्रबंधन के अपर समाहर्ता, एसडीसी कृष्ण मुरारी, कुमार मिथिलेश प्रसाद सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, आइसीडीएस के डीपीओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक, जिला लेखा पदाधिकारी, जिला भविष्य निधि पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग शामिल हैं।

ऊर्जितकरण के सम्बन्ध में सार्वजनिक अधिसूचना
न्यू कोचिंग डिपो, आसनसोल और मधुपुर कोचिंग कॉम्प्लेक्स

**पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल** के निम्नलिखित खंड के सम्पूर्ण हुए खंड पर स्थित रेलवे लाइनों तथा परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि **दिनांक 25.12.2024 को या उसके बाद 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन वायर ऊर्जित किया जायेगा। दिनांक 25.12.2024** को तथा से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हमेशा के लिए ऊर्जित मान लिया जायेगा तथा कोई भी प्राधिकार रहित व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के नज़दीक नहीं जायेगा या उसके समीप कार्य नहीं करेगा।

| क्र.सं. | खंड | लोकेशन संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | से | तक |
| 1. | आसनसोल मंडल में न्यू कोचिंग डिपो, आसनसोल में वंदे भारत ट्रेनों (कोचिंग पिट-1) के लिए रखरखाव बुनियादी ढांचे का उन्नयन/विकास। | 210/29एन | 211/13एन |
| 2. | पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में मधुपुर कोचिंग कॉम्प्लेक्स | | |
| क्र.सं. | लाइन सं. | लोकेशन संख्या | |
| | | से | तक |
| (i) | पिट लाइन -हावड़ा छोर | एमडीपी/2012 | 294/31सी |
| (ii) | पिट लाइन -कालका छोर | 295/5सी | 295/21ए |
| (iii) | स्टेब्लिंग लाइन - 1 | 294/11ए | 295/19ए |
| (iv) | स्टेब्लिंग लाइन - 2 | 294/13ए | 295/17ए |

**ऊर्जितकरण की तारीख : 25.12.2024 को या उसके बाद।**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, आसनसोल

पूर्व रेलवे
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कार्यालय, नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)
सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 27/2024–25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 (01 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 22.12.2024 को पूर्वा0 11.00 बजे से थाना बिश्रामपुर के प्रागंण में की जायेगी।

1. बंदोबस्ती कर्ता का नाम – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर।
2. आवेदन प्राप्ति की तिथि – दिनांक 19.12.2024 से 20.12.2024 तक कार्यालय अवधि में 1000.00 (एक हजार रू0) प्रति आवेदन शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है।
3. अवोदन जमा करने की तिथि – दिनांक 19.12.2024 से 21.12.2024 तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते है।

डाक बन्दोबस्ती की जाने वाली सैरातों की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि | डाक शुल्क (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रेहला हाट (शुक्र बाजार) की बंदोबस्ती | 200000.00 | 20000.00 | 1000.00 |
| 02 | पंचमुखी मदिर, बिश्रामपुर हाट (बुधवार एवं रविवार) की बंदोबस्ती | 250000.00 | 25000.00 | 1000.00 |

डाक में भाग लेने के इच्छुक डाकवक्ता कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति एवं डाक शुल्क की राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक, बिश्रामपुर में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति एवं डाक शुल्क की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।
आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर परिषद्, बिश्रामपुर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट,/ https://udhd. jharkhand.gov.in /ULB/Bishrampur/Notices.aspx पर देखी जा सकती है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 341964 District(24-25).D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


डीसी आंजनेयुलु दोड्डे सहित वरीय पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी के साथ बाबा बासुकीनाथ में की पूजा-अर्चना

- सीएम ने राज्यवासियों की खुशहाली की कामना करते हुए की आरती
- प्रशासन ने मुख्यमंत्री के स्वागत और सुरक्षा के लिए की पुख्ता व्यवस्था





निज संवाददाता | दुमका

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को अपनी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ बाबा बासुकीनाथ के दरबार में पूजा अर्चना की। उन्होंने विधि-विधान से बाबा बासुकीनाथ और माता पार्वती की पूजा की और राज्यवासियों की खुशहाली, समृद्धि और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री का यह धार्मिक यात्रा झारखंड के संस्कृति, आस्था और सामाजिक समृद्धि के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी के साथ बासुकीनाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पारंपरिक विधियों से बाबा बासुकीनाथ और माता पार्वती की पूजा की। पंडा और पुरोहितों द्वारा मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी को षोडशोपचार विधि से पूजा कराई गई, जिसमें पूरे श्रद्धा भाव से भगवान शिव और देवी पार्वती के गर्भ गृह में दर्शन और पूजन शामिल था। इस पूजा के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के प्रत्येक नागरिक की भलाई, समृद्धि, सुख-शांति और खुशहाली के लिए भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्यवासियों के लिए एक विशेष आरती भी की, जिसे सुनकर वहां उपस्थित भक्तों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। आरती के दौरान मुख्यमंत्री ने यह संदेश दिया कि उनकी सरकार हर वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, और राज्य के प्रत्येक नागरिक को सुख और समृद्धि मिले, यही उनकी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री के बासुकीनाथ मंदिर पहुंचने पर प्रशासन ने पूरी सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा। मंदिर परिसर को श्रद्धालुओं से खाली कर दिया गया था ताकि मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी को पूरी सुरक्षा के साथ पूजा अर्चना करने का अवसर मिल सके। इसके अलावा, मंदिर में और उसके आसपास पूरी व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई थी, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था या सुरक्षा संबंधित कोई समस्या न हो। मुख्यमंत्री के आगमन के बाद उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे और अन्य वरीय प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को एक विशेष मोमेंटो भी भेंट किया, जो राज्य के प्रति उनके योगदान की प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया। यह स्वागत मुख्यमंत्री की यात्रा को और भी ऐतिहासिक बना गया। पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी वन विभाग के विश्रामगृह में कुछ समय के लिए रुके। यहां मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से बातचीत की और राज्य की विकास योजनाओं पर चर्चा की। वन विभाग के विश्रामगृह में विश्राम के दौरान मुख्यमंत्री ने झारखंड के जंगलों, पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण को लेकर सरकार की योजनाओं पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की समृद्धि और सामाजिक कल्याण के लिए यह जरूरी है कि हम अपनी प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण करें और साथ ही पर्यावरण को सशक्त बनाएं।

मुख्यमंत्री ने बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद सरडीहा स्थित हेलीपैड की ओर रुख किया। वहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया, जो उनके सम्मान में दिया गया एक सैन्य रिवाज है। मुख्यमंत्री के साथ अधिकारियों का एक बड़ा काफिला भी था, जो उनकी सुरक्षा और यात्रा की व्यवस्था का ध्यान रख रहा था। इसके बाद, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हेलीकॉप्टर से साहेबगंज के लिए प्रस्थान किया। साहेबगंज में उनकी यात्रा के दौरान भी प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा व्यवस्था और कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कई तैयारियों को अंजाम दिया। साहेबगंज की यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास और सुधार के संबंध में अधिकारियों से संवाद किया। बाबा बासुकीनाथ मंदिर झारखंड के सबसे प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। मुख्यमंत्री का इस पवित्र स्थल पर पहुंचना न केवल उनकी व्यक्तिगत धार्मिक आस्था को दर्शाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि राज्य के हर नागरिक की भलाई और समृद्धि के लिए उनका विश्वास और संकल्प मजबूत है। मुख्यमंत्री की इस धार्मिक यात्रा से यह स्पष्ट होता है कि वे अपने प्रशासनिक कर्तव्यों को निभाने के साथ-साथ झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक महत्व को भी सम्मान देते हैं।

मुख्यमंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान यह संदेश दिया कि राज्य का विकास सिर्फ आर्थिक और सामाजिक योजनाओं के माध्यम से ही नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक पहचानों को सम्मानित करके भी किया जा सकता है। उनकी यह यात्रा झारखंड की जनता के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकती है, और यह राज्यवासियों के बीच एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की यह धार्मिक यात्रा झारखंड की जनता के प्रति उनके लगाव और राज्य के कल्याण के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती है। राज्य की प्रगति, हर नागरिक की भलाई और समृद्धि के लिए मुख्यमंत्री का यह कदम बहुत मायने रखता है। उनकी नेतृत्व में झारखंड की सरकार ने कई योजनाओं को लागू किया है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी साबित हो रही हैं। उनकी यह यात्रा झारखंड के भविष्य की दिशा और प्रशासनिक कर्तव्यों की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है, जो राज्य के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। बासुकीनाथ में पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री का साहेबगंज की ओर प्रस्थान यह दिखाता है कि उनकी योजनाओं में हर क्षेत्र और हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ सकारात्मक है, और वे खुद अपने लोगों के बीच में रहकर उनकी समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए तत्पर हैं।

# व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 11 न्यायिक बेंच गठित

- न्यायिक बेंचों में विभिन्न मामलों की सुनवाई
- अन्य न्यायिक बेंचों में मामलों की सुनवाई




निज संवाददाता | गोड्डा

झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को गोड्डा व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सुलहनीय मामलों के त्वरित निष्पादन पर ध्यान दिया जाएगा। इस आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कुल 11 न्यायिक बेंच का गठन किया है, जिनमें विभिन्न प्रकार के मामलों की सुनवाई की जाएगी। प्रथम न्यायिक बेंच पर परिवार वाद, मेट्रीमोनियल वाद और भादवि की धारा 125 से संबंधित मामले की सुनवाई होगी। यह सुनवाई परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय और एलएडीसी चीफ संजय कुमार सहाय करेंगे। दूसरे न्यायिक बेंच पर एमएसीटी से संबंधित मामले की सुनवाई होगी, जिसकी अध्यक्षता जिला जज प्रथम कुमार पवन और डिप्टी एलएडीसी रीतेश कुमार सिंह करेंगे। तृतीय न्यायिक बेंच में बिजली, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, राजस्व मामलों, श्रम वाद और अन्य ट्रिब्यूनल के मामलों की सुनवाई की जाएगी, जिसमें जिला जज द्वितीय निरुपम कुमार और डिप्टी एलएडीसी अजीत कुमार प्रमुख रूप से शामिल होंगे। चौथे बेंच पर सीजेएम कोर्ट से संबंधित मामले की सुनवाई की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अर्जुन साव और एलएडीसी राहुल कुमार करेंगे।

पाँचवे न्यायिक बेंच पर एसीजेएम और सबजज तृतीय कोर्ट से संबंधित मामले का निष्पादन किया जाएगा, जबकि छठे बेंच पर सबजज चतुर्थ और प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मुक्ति भगत के कोर्ट से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी। सातवें बेंच में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कल्याण के कोर्ट से संबंधित मामलों पर सुनवाई होगी, जबकि आठवें बेंच पर एसडीजेएम कोर्ट से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। नौवें न्यायिक बेंच में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शालिद रसीद अलि और सतीश कुमार मुंडा के न्यायालय से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। दसवें बेंच पर बैक रिकवरी, सभी प्रकार के प्री लिटिगेशन, राजस्व के मामले, म्यूटेशन केस, 107 सीआरपीसी, सेल्स टैक्स, पानी टैक्स, होल्डिंग टैक्स और भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। ग्यारहवें बेंच पर उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी, जिसमें जिला उपभोक्ता फोरम के अधयक्ष सैय्यद मतलब हुसैन और सदस्य अनिता मंडल तथा उत्तम कुमार शामिल होंगे। यह राष्ट्रीय लोक अदालत सुलह और मध्यस्थता के माध्यम से मुकदमों के त्वरित निपटारे की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिससे आम जनता को न्याय प्राप्त करने में आसानी होगी।

## समाजसेवी स्व जगदीश घोष के लिए शोकसभा आयोजित



रानीश्वर (दुमका) (नि.सं.)। भारत सेवाश्रम संघ के दुमका शाखा, द्वारा संचालित स्वामी प्रणवानंद विद्या मंदिर, पाथरा में आश्रम परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य, समाजसेवी व परोपकारी विभूति कोलकाता निवासी स्वर्गीय जगदीश घोष की गुरुवार की रात हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई| उन्होंने इस नाश्वर दुनिया को त्याग दिया| उनके जाने की खबर सुनकर विद्यालय परिवार शोकाकुल है| उनकी आत्मा की शांति के लिए आश्रम परिसर में शोकसभा व दो मिनट का मौन धारण किया गया| शोक सभा का नेतृत्व प्रधानाचार्य अभीनंदन मुर्मू किया| मौके पर डॉ.सुकांत शील, समरेंद्र गाँगुली, जयदेव दे, सुकमोहन हेमब्रम, चैतन कारोवा, बोध बोदरा, चुंडू हेमब्रम,गोविन्द यादव, रणजीत राउत, प्रशांत कुमार मुर्मू, प्रणव भकत, पार्थो राउत, ज्योति प्रियंका, देवाशीष राय,शामु हांसदा, पानमोनी माझी, पार्वती महतो, सुजाता हांसदा, शांति मुर्मू, राहुल मोहन्ता, स्पंदन गिरी समेत विद्यालय परिवार के छात्र व अन्य सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे|

# माओ भाषा विकास को ले जागरूकता अभियान

निज संवाददाता | रानीश्वर (दुमका)

संथाल परगना में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने बांग्ला, संथाली, खोरठा और मालतो भाषाओं को प्रथम भाषा के रूप में स्वीकृति दी है। नयी शिक्षा नीति के तहत इन चार भाषाओं में शिक्षा अनिवार्य होगी। इस निर्णय के आलोक में, अखिल भारतीय पहाड़िया आदिम जन जाति उत्थान समिति ने माओ भाषा के विकास को लेकर एक जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। समिति के जिला अध्यक्ष राम जीवन आहड़ी ने बताया कि संथाल परगना में आदिम जनजाति पहाड़िया के दो प्रकार हैं, जिनकी भाषाओं और संस्कृति में काफी भिन्नता है। गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में सावरिया पहाड़िया निवास करते हैं, जिनकी बोली मालतो है, जबकि दुमका, जामताड़ा और देवघर जिलों के पहाड़िया माओ भाषी हैं। राज्य सरकार ने माओ भाषियों को मालतो बोली के साथ जोड़कर एक तरह से उनके भाषाई पहचान को अनदेखा किया है। इस मुद्दे पर अखिल भारतीय पहाड़िया आदिम जन जाति उत्थान समिति ने विरोध जताया और माओ भाषा के विकास के लिए जागरूकता फैलाने का फैसला लिया है। समिति ने संथाल परगना के तकरीबन दो हजार गांवों में माओ भाषा के विकास को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई है। इसके अंतर्गत माओ भाषा के शब्दकोष की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं, जो स्थानीय समुदायों को अपनी भाषा और संस्कृति को संरक्षित करने में मदद करेगा। समिति के विशेषज्ञों ने इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिनमें राम जीवन, मोतीलाल सिंह, दिनेश्वर देहरी और मणीलाल देहरी शामिल हैं। माल पहाड़िया और सावरिया पहाड़िया के रीति-रिवाज, खानपान और रहन-सहन में भी बड़ा अंतर है। गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले में सावरिया आदिम जनजाति का निवास है, जबकि दुमका, जामताड़ा और देवघर जिले में माल पहाड़िया की आबादी है। माल पहाड़िया समुदाय विषहरी की पूजा करते हैं और अपने घर के आंगन में तुलसी का मंदिर रखते हैं। इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से ट्राईबल कल्चर सेंटर सोनारी जमशेदपुर ने भी अपना हाथ बढ़ाया है। सेंटर द्वारा शुरू किए गए इस जागरूकता अभियान में माओ भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस पहल से न केवल माओ भाषा का संरक्षण होगा, बल्कि पहाड़िया समुदाय की सांस्कृतिक धरोहर को भी मजबूती मिलेगी।

## शिक्षकेतरकर्मियों की 18वें दिन भी हड़ताल जारी

दुमका (नि.सं.)। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में सातवें वेतनमान एसीपी व एमएसीपी की भुगतान की मांग को लेकर विश्वविद्यालय में शिक्षकेतरकर्मियों की हड़ताल सह तालाबंदी कार्यक्रम लगातार 18वें दिन भी जारी रहा। महासचिव नेतलाल मिर्धा ने कहा की जहां एक और विश्वविद्यालय प्रशासन हमारी समस्याओं का समाधान करना चाहिए वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय के कुछ पदाधिकारी रात के अंधेरे में आकर हमारी बैनर को उखाड़ के फेंक देते हैं जिसका कर्मचारी इसका घोर विरोध कर निंदा करते है। उनकी मांग है कि जब तक विश्वविद्यालय के द्वारा सातवें वेतनमान, एसीपी व एमएसीपी की भुगतान नहीं किया जाता तब तक अनिश्चितकालीनन हड़ताल व तालाबंदी कार्यक्रम जारी रहेगा।

# 'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम के तहत 100 सेविकाओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

निज संवाददाता | दुमका



पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर राजधानी दिल्ली में देखने को मिल रहा है। पारा लगातार लुढ़क रहा है और आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक पहुंच सकता है। दिल्ली में गुरुवार को पिछले तीन सालों में सबसे ठंडा दिसंबर का दिन रहा। सुबह के वक्त हल्की कोहरे की चादर और ठंडी हवाओं से बचाव करने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने 14 दिसंबर से दिल्ली- एनसीआर में घने कोहरे के साथ-साथ कड़ाके की ठंड की संभावना भी जताई है। दिल्ली के पूसा में न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई इलाकों में शीत लहर की भी स्थिति देखी गई। 12 दिसंबर को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक आने वाले हफ्तों में उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक आने वाले आज राष्ट्रीय राजधानी में शीतलहर चलेगी, जिसकी वजह से पारा लुढ़केगा और ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग ने शीतलहर को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने के भी निर्देश दिए हैं। आईएमडी के मुताबिक 14 दिसंबर को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया जाएगा। इस दौरान कोहरा भी लगा रहेगा। 15 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया जाएगा। वहीं, 18 और 19 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज होने की संभावना जताई गई है। जहां एक तरफ दिल्ली में शीतलहर की शुरुआत हुई है वहीं दूसरी तरफ वायु गुणवत्ता में खास सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। वेस्ट दिल्ली में एक्यूआई 308, शादीपुर में 202, पंजाबी बाग में 268, नॉर्थ कैंपस में 259, मुंडका में 301, वजीरपुर में 294, अशोक विहार में 289, द्वारका सेक्टर-8 में 313, रोहिणी में 316, आरके पुरम में 295, चांदनी चौक में 175, लोधी रोड में 173, बुरारी में 265, सोनिया विहार में 293 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

## अजमेर की दरगाह शरीफ को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य : सैयद सरवर चिश्ती




**अजमेर, एजेंसी।**
अजमेर की दरगाह शरीफ को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का अंजुमन सैयद जादगान के सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने स्वागत किया। उन्होंने गुरुवार को कहा कि लोगों का न्यायपालिका पर यकीन दोबारा बहाल हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय ने प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर सुनवाई करते हुए मंदिर-मस्जिद से जुड़े नए मुकदमे दाखिल करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही सर्वे पर भी स्टे लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सैयद सरवर चिश्ती ने कहा, कोर्ट ने केंद्र सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। चार सप्ताह बाद वह क्या रुख पेश करती है, यह देखने वाली बात होगी। लेकिन चार सप्ताह तक वे कोई सर्वे नहीं करा सकते। कोर्ट का यह फैसला स्वागत योग्य है।

उन्होंने कहा, निचली अदालत में एक ही दिन के अंदर जिस तरीके से फैसले आ रहे थे। लोगों का कोर्ट से विश्वास खत्म होता जा रहा था। लेकिन लोगों को न्यायपालिका पर दोबारा यकीन बहाल हुआ है। सभी को कोर्ट और कानून पर भरोसा होता, लेकिन वो डगमगा रहा था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के अध्यक्ष सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने वर्शिप एक्ट-1991 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि जब तक हम इस मामले पर सुनवाई कर रहे हैं, तब तक देश में धार्मिक स्थलों को लेकर कोई नया मामला दाखिल नहीं किया जाएगा, जो केस पेंडिंग हैं, कोर्ट उसमें फैसले नहीं सुनाएगा। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय के निर्णय के लिए तमाम वकीलों को धन्यवाद। हम इसका स्वागत करते हैं। यह समय की जरूरत थी। इससे देश में अम्न की नई शुरुआत न्यायालय के आदेश से हुई है।

## संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों के प्रति हम आभारी हैं : मुर्मू

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 2001 में आज के ही दिन संसद की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि राष्ट्र उनके प्रति बेहद आभारी है।

मुर्मू ने आतंकवाद से लड़ने के भारत के अटूट संकल्प को दोहराते हुए कहा कि राष्ट्र आतंकवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट है। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने 2001 में आज ही के दिन संसद परिसर पर हमला किया था, जिसमें नौ लोग मारे गए थे। सुरक्षा बलों ने सभी पांच आतंकवादियों



को भी मार गिराया था। राष्ट्रपति ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' मैं उन वीरों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने 2001 में आज ही के दिन हमारी संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनका साहस और निस्वार्थ सेवा हमें प्रेरित करती रहेगी। राष्ट्र उनके और उनके परिवारों के प्रति हृदय से आभारी है।'' उन्होंने कहा, '' इस दिन मैं आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के अटूट संकल्प को दोहराती हूं। हमारा देश आतंकवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट है।

राष्ट्रपति ने कहा, उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में लिखा मैं उन वीरों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने 2001 में आज के दिन हमारी संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनका साहस और निस्वार्थ सेवा भाव हमें प्रेरित करता रहेगा। राष्ट्र उनके और उनके परिवारों के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहेगा। इस दिन, मैं आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के अटूट संकल्प को दोहराती हूं। हमारा देश आतंकवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा, 13 दिसंबर 2001 को लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र के गौरव की रक्षा करने वाले मां भारती के वीर सपूतों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश का कण-कण अपने बहादुर लालों के बलिदान का युगों-युगों तक ऋणी रहेगा।



# गाबा पर इतिहास दोहराने उतरेगा भारत

## इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्टः

**ब्रिसबेन, एजेंसी।** एडीलेड में मिली हार के बाद गाबा पर वापसी के इतिहास को दोहराने के इरादे से भारतीय टीम शनिवार से शुरू हो रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में जब आस्ट्रेलिया से खेलेगी तो नजरें रोहित शर्मा और विराट कोहली के बल्लों पर लगी होंगी। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के बाद ब्रिसबेन टेस्ट निर्णायक साबित हो सकता है।

भारतीय गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों की कमजोरी का फायदा उठाना चाहेंगे जिनके लिए ट्रेविस हेड दूसरे टेस्ट में संकटमोचक साबित हुए। स्टीव स्मिथ और कोहली दोनों ही लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गेंदबाजी में भारत के पास जसप्रीत बुमराह है जिसने श्रृंखला के बाकी सभी गेंदबाजों को अपने सामने बौना साबित कर दिया है। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अधिक सहयोग की जरूरत है। इसके साथ ही उन्हें रोहित और कोहली जैसे बल्लेबाजों से अच्छे रनों की भी दरकार है ताकि वह खुलकर गेंदबाजी कर सके। रोहित और कोहली के खराब फॉर्म को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और आधुनिक क्रिकेट के इन दोनों महानायकों के लिए यह टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा। उनकी गैर मौजूदगी में भारत ने 2021 में यहां वापसी करके शानदार जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दोनों पर उछाल और सीम से हमले बोले हैं और यहां भी पिच से अच्छी सीम मिलने की उम्मीद है। रोहित और कोहली के पास प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन इस समय फॉर्म साथ नहीं दे रहा। भारत के लिए सबसे बड़ी समस्या पहली पारी में निराशाजनक बल्लेबाजी रही है। पिछले एक साल में भारत में और विदेश में खेले गए टेस्ट में छह बार पहली पारी का स्कोर 150 या कम रहा है। रोहित और कोहली ने 2024-25 सत्र में पहली पारी में 6.88 और 10 की खराब औसत से रन बनाए हैं। कोहली ने पर्थ टेस्ट में शतक लगाया लेकिन रोहित से कप्तानी पारी का इंतजार है। रोहित के पास इतना अनुभव तो है कि वह बखूबी जानते हैं कि पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड जैसे शानदार गेंदबाजों को हर गेंद पर पीटा नहीं जा सकता। बाजू में खिंचाव के कारण एडीलेड टेस्ट से बाहर रहने के बाद हेजलवुड टीम में लौटे हैं। रोहित सफेद गेंद के बादशाह रहे हैं लेकिन अगर गाबा पर वह अच्छी पारी खेल जाते हैं तो महान क्रिकेटरों में उनका नाम शुमार होगा। इसके लिये सबसे पहले उन्हें अपना बल्लेबाजी क्रम तय करना होगा। वह पारी की शुरूआत करेंगे या छठे नंबर पर उतरेंगे, यह उन्हें देखना है क्योंकि ऐसे में अगर शीर्षक्रम धीमा खेलता है तो वह पुरानी कूकाबूरा पर आक्रामक खेल सकते हैं।

पहले दो टेस्ट में ऑफ स्पिनर आर अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन ठीक ठाक रहा लेकिन बल्लेबाजी में गहराई के लिये रविंद्र जडेजा बेहतर विकल्प हैं। तेज गेंदबाजी में आकाश दीप के पास विविधता है लेकिन कप्तान रोहित को हर्षित राणा की दिलेरी पसंद है। ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी भी चिंता का सबब है। हेड की हालत आजकल ऋषभ पंत की तरह हो गई है।

## स्टीव स्मिथ जल्द ही बनाएंगे बड़ा स्कोरः पैट कमिंस



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** ब्रिस्बेन टेस्ट से पहले, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि उनके प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे। स्मिथ इस सीरीज में अब तक भारत के खिलाफ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। साल 2024 में अब तक खेले 7 टेस्ट में स्मिथ का औसत सिर्फ 23.20 रहा है। उनका अकेला अर्धशतक जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिस्बेन में आया था। अपनी पसंदीदा नंबर चार की पोजीशन पर वापस आने के बाद भी स्मिथ भारत के खिलाफ सफल नहीं हो पाए हैं। उनके अब तक के स्कोर 0, 17 और 2 रहे हैं। कमिंस ने कहा, उनके रिकॉर्ड को देखें तो लगता है कि रन दूर नहीं हैं।

खासकर वह नेट्स में बेहतरीन दिख रहे हैं। वह आत्मविश्वास से भरे लगते हैं। पिछले मैच में वह लेग साइड पर आउट हो गए थे। मैं नहीं मानता कि इसे ज्यादा तूल दिया जाना चाहिए। मुझे पूरा यकीन है कि वह जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे। सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है, और गाबा में होने वाला अगला टेस्ट दोनों टीमों के लिए काफी अहम है। यह टेस्ट न सिर्फ सीरीज जीतने के लिए बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंक जुटाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। कमिंस ने आगे कहा, ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतना हमारे लिए गर्व की बात है। ये हमारे घरेलू मैदान हैं और हम इन्हीं परिस्थितियों में खेलकर बड़े हुए हैं। आज के समय में विदेश में टेस्ट सीरीज जीतना सबसे मुश्किल काम है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए जरूरी है कि आप घर में सबकुछ जीतें और विदेश में भी जितना संभव हो, उतना जीतें। हम हर घरेलू सीरीज को जीतने की उम्मीद से खेलते हैं। यही हमारा स्टैंडर्ड है।

## वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश पर क्लीन स्वीप किया

● तीसरा वनडे 4 विकेट से जीता, अमीर जंगू ने शतक जमाया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। कैरेबियाई टीम ने गुरुवार रात को तीसरे वनडे मुकाबले में 4 विकेट की जीत हासिल की। सेंट किट्स के बस्सेटेरे में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बांग्लादेश ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 321 रन बनाए।

322 रन का टारगेट कैरेबियन बैटर्स ने 45.5 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। अमीर जंगू ने नाबाद 104 रन की पारी खेली। उन्होंने 83 बॉल की पारी में 6 चौके और 4 छक्के जमाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज के ही शेरफेन रदरफोर्ड प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।




## विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100वां इंटरनेशनल मैच खेलेंगे

### अब तक 17 शतक लगाए, 9 बार जीता प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इतिहास रचने वाले हैं। इस मुकाबले के साथ वह कंगारुओं के खिलाफ 100 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले अब तक के दूसरे खिलाड़ी बनेंगे। सचिन तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 110 मैच खेले हैं।

विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 99 मैचों में 17 शतक लगाए, इनमें 9 बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के 7 में से 6 शहरों में शतक लगाए हैं, ब्रिस्बेन ऐसा इकलौता शहर है, जहां वह शतक नहीं लगा सके। विराट तीसरे टेस्ट में शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया के सभी क्रिकेट शहरों में सेंचुरी लगाने वाले इकलौते खिलाड़ी बन सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5000+ रन बनाए विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 27 टेस्ट, 49 वनडे और 23 टी-20 खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 50 से ज्यादा की औसत से 5326 रन बनाए। उनके नाम 17 सेंचुरी और 27 फिफ्टी हैं। खास बात यह रही कि विराट ने 17 में से 10 सेंचुरी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हीं के घर में लगाईं। विराट की मौजूदगी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 47 प्रतिशत मैचों में हराया विराट की मौजूदगी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 10 टेस्ट, 21 वनडे और 15 टी-20 हराए। तीनों फॉर्मेट मिलाकर विराट जब भी प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे, टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 47 प्रतिशत में जीत हासिल की। 44 प्रतिशत में टीम को हार मिली, जबकि बाकी मुकाबले बेनतीजा और ड्रॉ रहे।

एडिलेड में विदेशी प्लेयर के तौर पर सबसे ज्यादा शतक विराट को ऑस्ट्रेलिया में खेलना बहुत पसंद है। ऑस्ट्रेलिया के 7 शहरों में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम हैं, जिनमें से 6 में विराट ने 12 शतक लगाए हैं। एडिलेड में उनके नाम विदेशी प्लेयर्स में सबसे ज्यादा 5 सेंचुरी हैं। मेलबर्न और पर्थ में उन्होंने 2-2 शतक लगाए हैं।

होबार्ट, कैनबरा और सिडनी में भी उनके नाम 1-1 सेंचुरी हैं। विराट सिर्फ ब्रिस्बेन के द गाबा स्टेडियम में शतक नहीं लगा सके हैं। अगर उन्होंने तीसरे टेस्ट में सेंचुरी लगा दी तो वह ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट के सातों शहरों में शतक लगाने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बन जाएंगे।

2018 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर रच चुके इतिहास विराट ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के मैदान पर ही इतिहास रचा था, जब उन्होंने अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को 2-1 से टेस्ट सीरीज जिताई थी। भारत ने क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में टेस्ट सीरीज हराई थी। भारत ने फिर 2021 में अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में भी ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीती थी। अब टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में 5 टेस्ट की सीरीज में 1-1 की बराबरी पर खड़ी है। विराट इस टीम का अहम हिस्सा हैं, उनके पास बतौर प्लेयर ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतने का मौका है।

विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018 में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को उन्हीं के घर में टेस्ट सीरीज हराई थी। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ 85 मैच खेले विराट ने अपने करियर में सबसे ज्यादा मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही खेले। वह न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ भी 50 प्लस इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया के बाद उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 15 और वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 शतक लगाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ उनके नाम 85 मैचों में 8 सेंचुरी हैं। सचिन के नाम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट से ज्यादा शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट से ज्यादा इंटरनेशनल मैच सचिन तेंदुलकर ने ही खेले हैं।

उनके नाम 110 मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6707 रन हैं। इनमें 20 शतक और 31 फिफ्टी शामिल हैं। टेस्ट में सचिन ने 11 शतक के सहारे 3630 रन बनाए हैं। जबकि वनडे में उन्होंने 9 सेंचुरी के सहारे 3077 रन बनाए हैं। सचिन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई टी-20 नहीं खेला। विराट अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 और शतक लगा देते हैं तो वह एक अपोनेंट के खिलाफ सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। फिलहाल सचिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 शतक लगाकर टॉप पर हैं। विराट तीसरे नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ 19 शतक लगाए हैं।

एक टीम के खिलाफ 100+ मैच खेलने वाले चौथे प्लेयर बनेंगे विराट विराट गाबा में एक ही टीम के खिलाफ 100 से ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाले दुनिया के चौथे ही खिलाड़ी बनेंगे।

# ट्रेविड हेड महान बल्लेबाज बनने की राह पर

## रिकी पोटिंग ने इस दिग्गज से की तुलना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड आधुनिक समय के महान बल्लेबाजों में से एक बनने की राह पर हैं। एडिलेड ओवल में खेले गए डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर मेजबान टीम को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने में मदद की जिसके लिए हेड को 141 गेंदों पर 140 रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

हेड पिछले 18 महीनों में भारत के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं, उन्होंने 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शानदार 163 रन बनाए और उसी साल के अंत में वनडे विश्व कप के फाइनल में मैच जीतने वाली 137 रन की पारी खेली। पोंटिंग ने कहा, वह उन (महान) खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर हैं। मुझे नहीं लगता कि आप उन्हें अभी महान कह सकते हैं। वह जो कर रहे हैं, उस पर कोई सवाल नहीं है क्योंकि वह जो कर रहे हैं, वह शानदार है। और कई बार ऐसा तब होता है जब उनकी टीम को उनकी सबसे ज़्यादा जरूरत होती है। विश्व कप सेमीफाइनल, विश्व कप फाइनल, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, ऑस्ट्रेलिया में कुछ साल पहले हुई एशेज के बारे में सोचिए।

बड़े पल तब होते हैं जब ट्रैविस ने खड़े होने का तरीका ढूंढ़ लिया है। उन्होंने हेड की खेलने की शैली की तुलना अपने पूर्व साथी, शानदार विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट से भी की, जिन्होंने 2000 के दशक की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के दबदबे वाले दौर में बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में आक्रामक स्ट्रोकप्ले किया था।

उन्होंने कहा, स्पष्ट रूप से गिली ही हैं। हेड जिस तरह से खेलते हैं, वह गिलक्रिस्ट के खेलने के तरीके से काफी मिलता-जुलता है, हालांकि वे बैटिंग ऑर्डर में कुछ स्थान ऊपर हैं। गिली 6-7 नंबर पर थे, और ट्रैविस नंबर य ह



5 पर अपना खेल दिखा रहे हैं। पोंटिंग ने कहा, मुझे पीछे बैठकर उन्हें खेलते हुए देखना अच्छा लगता है।

इस तरह से खेलते हुए देखना काफी तरोताजा करने वाला होता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि परिस्थिति कैसी भी हो, ट्रैविस उसी तरह से खेलेगा और मुझे यह पसंद है। ट्रैविस का रवैया ही है जो उसे उस तरह से खेलने की अनुमति देता है जिस तरह से वह खेलता है। वह आउट होने से नहीं डरता। उसे नकारात्मक परिणाम की परवाह नहीं है। वह जो कुछ भी करता है, उसमें केवल सकारात्मक परिणाम देखता है।

## हॉकीः

# एक तीर से दो निशाने..थाईलैंड पर जीत के साथ एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने शानदार जीत की राह पर लौटते हुए थाईलैंड को 9-0 से रौंदकर गुरुवार को महिला जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और आगामी जूनियर विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई किया।

दीपिका के चार गोल की बदौलत गत चैंपियन भारत ने शानदार जीत की राह पर लौटते हुए थाईलैंड को 9-0 से रौंदकर गुरुवार को महिला जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और आगामी जूनियर विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई किया। भारत ने 17वें मिनट में राणा साकाशी के जरिए गोल किया। भारतीय टीम खेल के शुरुआती क्षणों में थाई डिफेंस को भेदने में सफल नहीं रही, लेकिन एक बार गोल होने के बाद उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

सिवाच कनिका (23) ने छह मिनट बाद गोल किया और 25वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर एक और स्ट्राइकर के साथ भारत के लिए स्कोर 3-0 कर दिया। लालरिनपुई ने 27वें मिनट में मैदानी गोल करके थाईलैंड पर जबरदस्त दबाव बनाया।

दीपिका ने 28वें मिनट में भारत के लिए पांचवां गोल दागकर स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया। भारत ने बुधवार को तीन बार के विजेता चीन से 1-2 से मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। दीपिका ने 31वें मिनट में टीम का छठा गोल किया और फिर 35वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी की। कनिका ने 40वें मिनट में अपनी टीम का आठवां गोल करके अपना तीसरा गोल किया।

भारत ने 55वें मिनट में दीपिका के चौथे गोल के साथ थाईलैंड को पूरी तरह से हरा दिया। भारत ने इससे पहले पांच टीमों के टूर्नामेंट के अपने पहले दो मैचों में बांग्लादेश को 13-1 और मलेशिया को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। सेमीफाइनल शनिवार को होंगे, जबकि फाइनल रविवार को होगा।



## गिलेस्पी ने एसए के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले पाकिस्तान के मुख्य कोच का पद छोड़ा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इस साल अप्रैल में पाकिस्तान की टेस्ट टीम के मुख्य कोच नियुक्त किए गए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पाकिस्तान की पुरुष टीम की व्हाइट-बॉल टीम के मुख्य कोच आकिब जावेद दक्षिण अफ्रीका में होने वाली आगामी सीरीज के लिए टेस्ट टीम के मुख्य कोच का पद संभालेंगे।

गिलेस्पी के पाकिस्तान के मुख्य कोच के रूप में पिछले कार्यकाल में टीम ने अक्टूबर में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से पिछड़ने के बाद जीत हासिल की थी। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में वर्तमान में सातवें स्थान पर काबिज पाकिस्तान के पास मौजूदा चक्र में चार और टेस्ट मैच बचे हैं।

जबकि अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका हाल ही में घरेलू मैदान पर श्रीलंका को 2-0 से हराने के बाद खिताबी मुकाबले की दौड़ में सबसे आगे है।

# विश्व चैंपियन गुकेश को विश्वनाथन आनंद की सलाह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पांच बार के विश्व चैंपियन नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने भी शुरूआती दौर में शतरंज के स्तर की आलोचना की है, लेकिन पांच बार के विश्व चैंपियन और गुकेश के 'मेंटोर' आनंद ने कहा कि उन्होंने 'गुकेश द्वारा इतिहास बनते देखा'। महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने शुक्रवार को डी गुकेश से कहा कि वह चीन के डिंग लिरेन के साथ विश्व चैंपियनशिप खिताबी

## आलोचना को नजरअंदाज करें

मुकाबले के स्तर पर सवाल उठाने वालों को नजरअंदाज करें क्योंकि आलोचना हमेशा सफलता के साथ ही आती है।

भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश ने बृहस्पतिवार को इतिहास रच दिया, वह सिंगापुर में विश्व चैंपियनशिप की 14वीं और अंतिम बाजी में लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। पूर्व विश्व चैंपियन व्लादिमीर क्रैमनिक मैच के दौरान शतरंज के स्तर से प्रभावित नहीं थे। उन्होंने इसे 'शतरंज का अंत' होने जैसा करार किया। क्रैमनिक ने खेल के स्तर पर निराशा व्यक्त की और लिरेन की गलती को 'बचकाना' करार दिया। पांच बार के विश्व चैंपियन नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने भी शुरूआती दौर में शतरंज के स्तर की आलोचना की है, लेकिन पांच बार के विश्व चैंपियन और गुकेश के 'मेंटोर' आनंद ने कहा कि उन्होंने 'गुकेश द्वारा इतिहास बनते देखा'।

आनंद ने कहा, मुझे बहुत खुशी है। मैं कल सचमुच इतिहास बनते देख रहा था। यह (आलोचना) हर मैच के साथ आती है। ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि यह बस क्षेत्र के साथ आती है। आप इसे अनदेखा कर दीजिये, बस सब ठीक। आप गुकेश की उपलब्धि, उसकी योग्यता और सब कुछ जानते हैं। अगर आप ओलंपियाड देखें तो उसने दिखाया कि वह वास्तव में बहुत मजबूत खिलाड़ी बन गया है। आनंद ने कहा, उसने इस साल कैंडिडेट्स जीता, टोरंटो में काफी अच्छे परिणाम मिले और वह यहां खेलने पहुंचा। इसलिए यह सब (आलोचना) इसके साथ आती है।

# जेल में कैदी की मौत, पूर्व सांसद ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद मंडल कारा के एक कैदी की गुरुवार को देर रात मौत हो गई। मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले को लेकर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह और परिजनों का आरोप है कि कैदी की मौत समय पर इलाज नहीं कराने के कारण हुई है। मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और जेल प्रशासन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

जानकारी के मुताबिक औरंगाबाद सदर प्रखंड के जम्होर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी रंजीत सिंह हत्या के एक मामले में सजायाफ्ता था और वर्ष 2018 से जेल में सजा काट रहा था। गुरुवार की देर रात जेल में ही उसकी तबीयत अचानक से खराब हो गई। हालत भी बिगड़ गई। इसके बाद जेल प्रशासन द्वारा उसे इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया जाने लगा लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि जेल प्रशासन द्वारा इलाज नहीं कराने से कैदी की मौत हुई है।

मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया के दौरान मौके पर आए जेलर को देखते ही परिजन उनसे उलझ पड़े। जेलर को घेर लिया और उनकी गाड़ी के आगे खड़े हो गए। जेलर के साथ धक्का मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। वही हंगामे की खबर सुनते ही औरंगाबाद नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार उपाध्याय सदल बल सदर अस्पताल पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद जेलर को आक्रोशितों के घेरे से छुड़ाने के बाद उन्हें सुरक्षित मंडल कारा भेजा।

### सदर अस्पताल आने पर परिजनों ने बंदी को मृत पाया

परिजनों ने कहा कि जेल प्रशासन ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि रंजीत सिंह की तबीयत खराब है, आप औरंगाबाद सदर अस्पताल आ जाइए। इनको सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया जा रहा है। सूचना मिलने पर जब परिजन सदर अस्पताल पहुंचे तो वहां देखा कि रंजीत सिंह को जेल से ही मृत अवस्था में लाया गया था। इससे परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने जेल प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए बवाल काटा।

### परिजनों की शिकायत पर अस्पताल पहुंचे पूर्व सांसद

इसके बाद परिजनों ने फोन पर इसकी शिकायत औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह से की। उस वक्त पूर्व सांसद पटना में थे। इसके बाद पूर्व सांसद रात में ही सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि रंजीत सिंह की मौत को लेकर उन्होंने देर रात ही औरंगाबाद के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से फ़ोन पर बात कर पूरे मामले से अवगत कराया। साथ ही मामले की उच्च स्तरीय जांच और जेल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही बरतने के परिजनों के आरोप को लेकर प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मांग की। कहा कि कैदी ने सीने में दर्द होने की शिकायत की थी। इसके तत्काल बाद कैदी की मौत होना सवालों के घेरे में है। परिजनों के आरोप में दम है और पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित हो। इस मौके पर सदर अस्पताल में सांसद के साथ भाजपा के जिला महामंत्री व अधिवक्ता मुकेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष गुंजन सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरविंद सिंह, सैंकड़ों ग्रामीण एवं मृतक के परिजन मौजूद रहे।

# सलवार सूट में लगी आग 50 परसेंट जली महिला



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिसैनी गांव में शुक्रवार की दोपहर 12 बजे के आसपास घर में रह रही अकेली वृद्ध महिला आग सेकने के दौरान झुलस गई। महिला के सलवार सूट और दुपट्टे में आग लग गई। महिला की पहचान मोहम्मद सलीम के 55 साल की पत्नी तोयेबा खातून उर्फ सुविदा खातून के रूप में की गई है। झुलसी हालत में महिला को ग्रामीणों ने सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। ग्रामीणों ने फोन के माध्यम से घटना की जानकारी महिला के बहन के घर वालों को दी। सदर अस्पताल में डॉक्टर रवि भूषण शर्मा की देखरेख में इलाज चल रहा है। झुलसी महिला के परिजन सूचना पाकर सदर अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि तोयेबा खातून दोपहर में नहाने करने के बाद (बोरसी) में आग जलाकर ठंड से बचने के लिए आग सेक रही थी तभी सलवार सूट और दुपट्टे में आग लग गई। चीखने चिल्लाने के बाद आसपास के ग्रामीण पहुंचे और आग बुझाई। बता दें कि महिला के कमर के नीचे वाला पूरा हिस्सा जल गया है। 50 परसेंट बर्न हुआ है। हल्के बाल भी जले हैं। परिजनों ने बताया कि महिला की एक भी संतान नहीं है। करीब 5 साल पहले पति मोहम्मद सलीम की प्राकृतिक मौत हो गई है, तब से अकेले ही घर में रह रहे हैं।

## न्यूज बाइट्स

### सड़क हादसे में तीन घायल, एक रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज-शिवगंज पथ पर चित्रसारी मोड़ के पास दो बाइकों की टक्कर में भदुकी कला गांव निवासी इंदल कुमार, युवराज कुमार एवं खड़वा गांव निवासी द्वारिका पासवान घायल हो गए। घायलों को 112 पुलिस, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा के द्वारा रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। डॉक्टर धनंजय कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। द्वारिका पासवान को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। द्वारका पासवान ने बताया कि बाइक से खड़वा गांव से रफीगंज जा रहे थे। इसी बीच भदुकी कला गांव से खड़वा जा रहे बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे तीनो गिरकर घायल हो गए। डॉक्टर ने बताया कि रेफर व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट आई है। उसे रेफर कर दिया गया है।

### 15 दिसम्बर को स्कूल क्रिकेट लीग का पहला सेलेक्शन ट्रायल

**पटना (नि. सं.)।** स्कूल क्रिकेट लीग का पहला सेलेक्शन ट्रायल 15 को कासा पिकोला स्कूल क्रिकेट लीग अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के गठन के लिए पहला सेलेक्शन ट्रायल 15 दिसंबर को होगा। यह सेलेक्शन ट्रायल राजीवनगर स्थित वीणा विद्या निकेतन स्कूल में चलने वाली राजीव क्रिकेट एकेडमी में होगा। टर्निंग प्वाइंट के निदेशक सह आयोजन अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि इस लीग में केवल पटना के स्कूल के छात्र खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। कासा पिकोला के सीएमडी राजेश शर्मा ने कहा कि इसबार के आयोजन में प्रतिभावान खिलाड़ी अपना प्रदर्शन दिखाएंगे। आयोजन सचिव नवीन कुमार ने बताया कि पहला ट्रायल से तीन टीमों का गठन किया जाएगा।

### पुनपुन में कल से एक माह तक खरमास मेला

**पटना (नि. सं.)।** पुनपुन में अंतरराष्ट्रीय पौष खरमास मेला इस बार 16 दिसंबर से शुरू होगा। यह 14 जनवरी तक रहेगा। इस मेले में देश-विदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। जिला प्रशासन सुरक्षा की दृष्टि से मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की तैनाती करेगा। शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह मेले के आयोजन और उसकी तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें कहा गया कि पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पौष खरमास मेले में नेपाल समेत अन्य देश से हजारों की संख्या में तीर्थयात्री और पर्यटक पहुंचते हैं। मेले को लेकर मसौढ़ी के एसडीएम और डीएसपी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। चिकित्सा दल और फायर ब्रिगेड के जवान भी तैनात किए गए हैं। मेला परिसर में एक नियंत्रण कक्ष बनेगा, जो 24 घंटे काम करेगा। पटना शहर से पुनपुन के लिए सरकारी बस की सुविधा भी रहेगी तथा पुनपुन बस स्टेंड के पास पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। सभी प्रमुख जगहों पर पेयजल की व्यवस्था रहेगी। डीएम ने कहा कि वर्तमान में पुनपुन नदी का जलस्तर सामान्य है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम भी तैनात होगी। इसके अलावा दो बोट और गोताखोर लाइफ जैकेट के साथ तैनात रहेंगे।

### 12 हजार शिक्षक बिना प्रमोशन के होंगे रिटायर

**पटना (नि. सं.)।** 10 से 18 साल तक पढ़ाने के बाद 1.87 लाख शिक्षक राज्यकर्मी बने। इनमें 12 हजार ऐसे शिक्षक हैं, जो 2 साल के अंदर रिटायर हो जाएंगे। करीब 100 शिक्षक तो ऐसे हैं, जिनकी सेवा अगले साल जुलाई में समाप्त हो जाएगी। ऐसे में राज्यकर्मी बनने के बाद भी इन्हें बढ़े वेतन और अन्य सुविधाओं का लाभ पूरी तरह से नहीं मिल पाएगा। प्रमोशन भी नहीं होगा। क्योंकि प्रमोशन के लिए 8 साल का अनुभव चाहिए। ऐसे में 12 हजार ऐसे राज्यकर्मी शिक्षक होंगे, जो बगैर प्रमोशन के ही रिटायर हो जाएंगे। सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की नियुक्ति बतौर राज्यकर्मी नई मानी जाएगी। उनके अनुभव की गिनती अब शून्य हो जाएगी। शिक्षक इसका विरोध कर रहे हैं। शिक्षकों की मांग है कि उनके अनुभव को भी काउंट किया जाए। इस संबंध में मोतिहारी में कार्यरत विनीत कुमार का कहना है कि प्रधानाचार्य पद के लिए नियुक्ति के दौरान अनुभव की गिनती भी की गई थी। इसी तरह से आईटीआई परीक्षा में उप प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति के लिए भी अनुभव की गिनती की गई है। ऐसे में राज्यकर्मी का दर्जा देने के दौरान शिक्षकों के भी अनुभव की गिनती की जाए। संगीता कुमारी का कहना है कि यदि अनुभव की गिनती होती, तो प्रमोशन के साथ ही दूसरे अन्य लाभ मिलते। सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा दिया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला जज ने की अधिवक्ताओं के साथ बैठक, मांगा सहयोग

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 14 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार के प्रकोष्ठ में जिला विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ के सभी पदधारी अधिवक्ताओं एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिला जज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए अधिवक्ताओं का सहयोग आवश्यक है।कहा कि प्राधिकार का उदेश्य है कि न्याय सभी के लिए सुलभ हो। इसके लिए प्राधिकार काफी तत्पर रहता है। प्राधिकार के कार्यों में सभी विद्वान अधिवक्ताओं का सहयोग मिलता रहता है। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सामुहिक प्रयास का प्रतिफल होता है और यह क्रम आगे भी जारी रहें, इसके लिए सभी के सहयोग की निरंतरता आवश्यक है। जिला जज ने अदालत में किस प्रकार का वादों का निस्तारण संभव है, पर विस्तार से चर्चा की। वही अधिवक्ताओं ने वादों के निस्तारण में आने वाली चुनौतियों एवं समस्याओं को आपसी तालमेल एवं सहयोग से दूर करते हुए मामलों का निष्पादन कराने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में दोनों अधिवक्ता संघ के पदधारियों द्वारा यह विश्वास दिलाया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु दोनों संघ यथासंभव अपने स्तर से प्रयास करते हुए पुराने राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्तारण हुए वादों से अधिक वाद का निस्तारण कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत सफलता के साथ-साथ अपने ही कीर्तिमान को स्थापित करते हुए लक्ष्य हासिल करेंगा। बैठक में प्राधिकार के सचिव सुकुल राम, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय सचिव, जगनारायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी सहित कार्यकारिणी के अन्य पदधारी और अधिवक्ता मौजूद रहें। बैठक के बाद जिला जज ने कल आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की और जायजा लिया।

# हसपुरा में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला संपन्न

निजसंवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)



जीविका द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के नियोजन एवं कौशल विकास को लेकर शुक्रवार को हसपुरा गर्ल हाई स्कूल के छोटी फिल्ड में रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, औरंगाबाद के निदेशक राज कुमार, सूक्ष्म वित्त के प्रबंधक पंचम कुमार दांगी, संचार प्रबंधक अनवर हुसैन अंसारी, प्रबंधक अधिप्राप्ति श्रीकांत विश्वकर्मा, प्रबंधक रोजगार दिलीप कुमार गुप्ता, प्रखंड परियोजना प्रबंधक आलोक कुमार सिंहा और संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्षा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर जीविका द्वारा संचालित स्किलिंग कार्यक्रम के प्रसार प्रचार हेतु कौशल रथ रवाना किया गया। यह रथ जिले के सभी ग्यारह प्रखंडों में जाकर डिजिटल वीडियो के माध्यम से प्रचार-प्रसार करेगा। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को जीविका दीदियों द्वारा स्वागत गान गाकर, पौधा एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। रोजगार मेले में युवाओं के नियोजन हेतु नव भारत फर्टिलाइजर लिमिटेड, कैप्टन सर्विसेज, हाइली इलेक्ट्रिकल एप्लायंसेज लिमिटेड, आमदनी, फ्लिपकार्ट, डिक्सन टेक्नोलॉजी, निर्मला जॉब एम्प्लॉयमेंट एजेंसी, हीरो मोटोकार्प, कॉलर जर्सी, एचसीएल टेक बी, मर्स्क, टाटा कॉन्ट्रैक्शन, भारतीय जीवन बीमा, लेंसकार्ट, ओरिएंट इलेक्ट्रिक, कुएस कॉर्प लि., उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित युवाओं के प्रशिक्षण सह नियोजन हेतु एकेमवे, इंफोवली एजुकेशन रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, बिहार कौशल विकास मिशन तथा युवाओं को रोजगार परक प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मेले में कुल 325 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें 75 युवाओं का नियोजन किया गया। रोजगार मेले में मंच का संचालन सामुदायिक समन्वयक विद्यानंद चौधरी ने किया।कार्यक्रम में आए सभी कंपनी के प्रतिनिधियों सन्नी कुमार, सुल्तान अख्तर, प्रिंस कुमार, राजेश कुमार, रामबाबू, नीरू सिंह, रामानंद कुमार, दीपक कुमार, राजू कुमार, धनु कुमार, चंदन कुमार और वॉलिंटियर को अतिथियों द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड परियोजना प्रबंधक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय समन्वयक रवि कुमार, शशि भूषण, सामुदायिक समन्वयक अनिल कुमार, ससरिता कुमारी, चंदा कुमारी, कुंदन कुमार और रोजगार प्रबंधक जेके ब्रजेश, संजय कुमार, अरविंद कुमार, अटल बिहारी और कार्यालय सहायक मनोज कुमार युवराज, सुमंत कुमार, चंचल कुमारी आदि मौजूद रहें।

### सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन दोषियों को 20-20 वर्षों की कठोर कैद

**पटना (नि.सं.)।** बच्चों का लैंगिक अपराध से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की बिहार में पटना स्थित विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आज तीन दोषियों को 20-20 वर्षों के सश्रम कारावास के साथ ही 15- 15 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने मामले में सुनवाई के बाद पटना जिले के मरांची थाना क्षेत्र स्थित नौरंगा पंचगामा गांव निवासी विकास कुमार, संजीव कुमार उर्फ मांझी सिंह तथा अमृतेश झा उर्फ बिट्टू को भारतीय दंड विधान और पॉक्सो अधिनियम की अलग अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषियों को एक-एक वर्ष के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। साथ ही अदालत ने पीड़िता को मुआवजे के तौर पर चार लाख रुपये दिए जाने का आदेश विधिक सेवा प्राधिकार पटना को दिया है।

### भाकपा का राज्य सम्मेलन जून में 10 से 14 तक होगा

**पटना (नि.सं.)।** भाकपा का राज्य सम्मेलन 2025 में 10 से 14 जून तक होगा। 10 जून को पटना में रैली से इसकी शुरुआत होगी। 2 जनवरी को पार्टी की राज्य स्तरीय शताब्दी वर्ष समारोह की शुरुआत होगी। पार्टी की दो दिवसीय राज्य परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी शुक्रवार को जनशक्ति भवन में राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को पार्टी 99 साल की हो जाएगी। पूरे देश में पार्टी 26 दिसंबर 2024 से 26 दिसंबर 2025 तक शताब्दी वर्ष समारोह मनाएगी। बिहार में दो जनवरी को राज्य स्तरीय शताब्दी वर्ष समारोह में राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा मुख्य अतिथि होंगे।

# बीपीएससी की परीक्षा देने एंबुलेंस से स्ट्रेचर के साथ पहुंचा अभ्यर्थी

निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)



दाउदनगर के छह परीक्षा केंद्रों पर रविवार को बीपीएससी की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों में कादरी इंटर स्कूल, अशोक इंटर स्कूल, बालिका इंटर स्कूल, ज्ञान गंगा इंटर स्कूल, राष्ट्रीय इंटर स्कूल और विवेकानंद मिशन स्कूल शामिल थे। सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों ने बीपीएससी द्वारा निर्धारित समय से पहले ही पहुंचना शुरू कर दिया। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में सुरक्षा बल तैनात थे, ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। परीक्षा के दौरान अधिकारियों ने केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्था का जायजा लिया। राष्ट्रीय इंटर स्कूल परीक्षा केंद्र पर एक अनोखा और प्रेरणादायक मामला देखने को मिला। सासाराम के निवासी विवेक कुमार, जो हाल ही में एक दुर्घटना में घायल हो गए थे, ने स्ट्रेचर पर बैठकर परीक्षा दी। उनका पैर टूटा हुआ था और पटना में उनका इलाज चल रहा है। परीक्षा देने की जिद और दृढ़ संकल्प के साथ, वे पटना से एंबुलेंस के माध्यम से परीक्षा केंद्र तक पहुंचे। परीक्षा केंद्र पर विशेष अनुमति के बाद, केंद्राधीक्षक ने उनके लिए एक कमरे में बैठने की व्यवस्था की। वहां उन्होंने स्ट्रेचर पर बैठकर परीक्षा दी। विवेक का यह साहस और संघर्ष अन्य अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणादायक बन गया।

# गोह के डड़वां हाई स्कूल में निबंध प्रतियोगिता संपन्न

निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)



गोह प्रखंड के मीरपुर पंचायत के डड़वां स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में 'लोकतंत्र की स्थापना में अंबेडकर का योगदान' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं के 30 छात्रों ने हिस्सा लिया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के शैक्षणिक स्तर का आकलन और लोकतांत्रिक व्यवस्था की समझ को बढ़ावा देना है। समाजसेवी एवं शिक्षविद बुद्धिजीवी मंच के प्रखंड संयोजक दिलीप विश्वकर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में टॉप-5 स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रखंड स्तर पर एक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड के सभी हाई स्कूलों में ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनसे हर विद्यालय से पांच-पांच छात्रों का चयन किया जाएगा। चुने गए छात्रों को प्रखंड स्तर पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन में मंच के पदाधिकारी और विद्यालय के शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसमें अमरेंद्र कुमार, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बृजमोहन राम, लक्ष्मी कुमारी, देवनाथ ठाकुर, सुनील कुमार अकेला, कुंदन कुमार, नफिश अहमद, प्रियंका कुमारी, सोमा कुमारी, अंजू कुमारी और दीपक कुमार ने सहयोग दिया। यह प्रतियोगिता छात्रों को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के भारतीय लोकतंत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान को समझाने और उनकी विचारधारा को आत्मसात करने का एक प्रयास है।

# आरजेडी विधायक को जदयू में शामिल होने का ऑफर

निज संवाददाता | पटना





बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने आरजेडी विधायक मुकेश रोशन को जदयू में शामिल होने का ऑफर दिया है। अशोक चौधरी ने कहा कि पहले भी मुकेश रोशन को जदयू में आने के लिए कहा गया था, लेकिन नहीं आए, पता नहीं कहां गड़बड़ा गए। तेजप्रताप के महुआ से चुनाव लड़ने पर अशोक चौधरी ने कहा कि ये लोग कभी काम नहीं करते हैं। मुकेश रोशन महुआ से आरजेडी के विधायक हैं। पांच दिन पहले एक कार्यक्रम में तेजप्रताप यादव ने कहा था, महुआ में मैंने स्कूल, अस्पताल और सड़क जैसे कई विकास कार्य करवाए हैं। अगर महुआ की जनता चाहेगी तो मैं 2025 में यहीं से चुनाव लड़ूंगा। ये मेरा पुराना विधानसभा क्षेत्र है। तेज प्रताप के इस बयान के बाद महुआ से वर्तमान आरजेडी विधायक मुकेश रोशन ने कहा, 'पार्टी का जो फैसला होगा, उसे मानूंगा।' उसके बाद वो बीच सड़क पर फूट-फूट कर रोने लगे थे। लालू परिवार पर निशाना साधते हुए अशोक चौधरी ने कहा कि ये लोग हर बार क्षेत्र बदल लेते हैं। 5 साल में भाग जाते हैं। काम तो कुछ करते नहीं हैं। जनता फिर पकड़कर सवाल पूछेगी। अब महुआ के विधायक समझेंगे। उनको पहले से कह रहे थे, आ जाइए, आ जाइए। अब उनको समझ में आएगा। हमारा बढ़िया उम्मीदवार है, उनको अब क्यों लेंगे। तेजप्रताप यादव वर्तमान में समस्तीपुर के हसनपुर के विधायक हैं। महुआ सीट से 2015 में चुनाव जीते थे। उन्हें 66,927 वोट मिले थे। नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार में 2015 में तेजप्रताप यादव को स्वास्थ्य मंत्री का पद भी मिला था।

# पटना से ईरानी गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

निज संवाददाता | पटना



पटना पुलिस ने क्राइम ब्रांच के अधिकारी के नाम पर डरा-धमकाकर गहने, रुपए ठगने वाले ईरानी गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक का नाम रहमुतुल्ला सैफउल्ला जाफरी उर्फ रहमत अली (40) है, तो वहीं दूसरे का नाम मासूम अली (31) है। दोनों भोपाल (मध्य प्रदेश) के निशादपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमन कॉलोनी के रहने वाले हैं। इस गैंग में इनके अलावा 3 और भी लोग हैं, जो फरार हैं। पटना पुलिस इनकी तलाश कर रही है। गैंग के सभी मेंबर सुनियोजित तरीके से क्राइम ब्रांच के अधिकारी बनकर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं। दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि सिटी एसपी सेंट्रल स्वीटी सहरावत ने की है। सिटी एसपी सेंट्रल स्वीटी सहरावत ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ अन्य सदस्यों की भी तलाशी की जा रही है। फिलहाल दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सिटी एसपी सेंट्रल स्वीटी सहरावत ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। सिटी एसपी सेंट्रल स्वीटी सहरावत ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। पटना के गांधी मैदान थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित आईएमए हॉल के पास मंगलवार दोपहर 1 बजे दो बाइक पर चार लोग मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक, वे किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। इसी दौरान पुलिस की प्रेट्रोलिंग टीम वहां से गुजर रही थी।

### पांच स्लॉट में होगी सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसिलिंग

**पटना (नि.सं.)।** दूसरी सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग को लेकर शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी किया है। विभाग ने कहा है कि अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच 23 से 31 दिसंबर तक उनके पदस्थापन वाले जिले में होगी। सुबह नौ से शाम पांच बजे तक पांच अलग-अलग स्लॉट में प्रमाणपत्रों की जांच होगी। विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि पहले दिन 23 दिसंबर को उच्च माध्यमिक, माध्यमिक शिक्षक एवं पुस्तकालयाध्यक्ष के प्रमाणपत्रों की जांच होगी। उर्दू, बंगला, शारीरिक शिक्षकों की 24 दिसंबर और स्नातक कोटि के सभी विषय के शिक्षकों की जांच 26 दिसंबर को होगी। 27 से 31 दिसंबर तक मूल कोटि के सामान्य शिक्षकों के प्रमाणपत्रों की जांच होगी।

### ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता बेहतर रखना प्राथमिकता : मंत्री

**पटना(नि.सं.)।** ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा है कि ग्रामीण सड़कों का गुणवतापूर्ण निर्माण और रखरखाव राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। संवेदकों से संवाद करने का मूल मकसद है कि ग्रामीण सड़कों का सतत रखरखाव हो और कम समय में राजधानी आने का सपना साकार हो सके।



# शिक्षकों के नियुक्ति पत्र में सुधार का जिलों को निर्देश

निज संवाददाता | पटना



शिक्षा विभाग ने बीपीएससी से चयनित शिक्षकों के नियुक्ति पत्र में सुधार का निर्देश जिलों को दिया है। इसके लिए विभाग ने शुक्रवार को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया। विभाग ने कहा है कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित कई शिक्षकों का साइबर कैफे में परीक्षा आवेदन भरते समय नाम-पता आदि में गलती हो गई है। इस कारण इनके नियुक्ति पत्र आदि में भी त्रुटि हुई है, इसलिए जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि ऐसे शिक्षकों के सभी मूल प्रमाणपत्र के साथ कार्यपालक दंडाधिकारी से प्राप्त शपथपत्र की समीक्षा कर पूर्णतः संतुष्ट होने के बाद उनकी नियुक्ति पत्र आदि में सुधार करना सुनिश्चित करें। विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार ने शुक्रवार को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है। विभाग ने अपने पत्र में यह भी साफ किया है कि उक्त कार्य में किसी भी तरह की शिथिलता या अनियमितता मिलने पर सभी जवाबदेही नियुक्ति प्राधिकार की होगी।

# पटना में दहेज के लिए लड़की का अपहरण

निज संवाददाता | पटना



पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र से एक लड़की 4 दिसंबर से गायब है। परिजनों ने थाने में अपहरण और गलत धंधे में धकेलने की शिकायत दर्ज कराई है। बड़ी बहन के मंगेतर पर अपहरण करने का आरोप लगाया है। लड़की के बड़े भाई ने बताया कि 10 दिन हो गए। अब तक कुछ भी पता नहीं चला है। बड़ी बहन की शादी सारण जिले के दरियापुर में जितेंद्र कुमार से तय हुई थी। छेका की रस्म दानापुर के एक मंदिर में हुआ था। लड़का पक्ष को 1 लाख रुपए भी दिए गए थे। सबकुछ ठीक ठाक चल रहा था। इसी बीच 5 लाख रुपए, एक गाड़ी और गहने की डिमांड करने लगे। लड़का पक्ष की ओर से धमकी दी गई कि डिमांड पूरी नहीं होने पर छोटी बहन को अगवा करके उसे गलत धंधे में लगा दिया जाएगा। फोन पर जितेंद्र ने कहा था कि मेरी छोटी बहन उसके पास है, वो उसे लेकर आ रहा है। लेकिन अब उसका मोबाइल ऑफ बता रहा है। थानेदार सदानंद शाह ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। लड़की के बारे में अभी पता नहीं चला है। जिस पर आरोप लगा है, उसका मोबाइल बंद है। पुलिस छानबीन कर रही है। लड़की के मिलने के बाद वो क्या बयान देती है, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।